हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## वक्फ अध्यक्ष डा. सलीम राज बोले- घटना शर्मनाक, होगी कड़ी कार्रवाई



राजधानी रायपुर के मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन यतीमखाना बैजनाथ पारा रायपुर शहर के काजी आरिफ अली फारूकी के खिलाफ जो शोषण का मामला सामने आया है, उसमें अब नया खुलासा हुआ है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने पुष्टि की है कि उन्हें 11 महिलाओं की शिकायतें मिली हैं। मानसिक और शारीरिक शोषण किया गया। सभी ने वक्फ बोर्ड में शिकायत की है।

# एक नहीं 11 महिलाओं ने की शोषण की शिकायत

# शहर काजी फरार, सौ साल में पहली बार दफ्तर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

इस शिकायत के आधार पर जहां शहर काजी को पद से हटा दिया गया है, वहीं सौ साल में पहली बार वक्फ बोर्ड ने पुलिस फोर्स के साथ मदरसा जाकर काजी का दफ्तर सील कर दिया है। सूत्रों के अनुसार मामला सामने आने के बाद काजी फरार हो है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा, सलीम राज का कहना है कि यह बहुत ही शर्मनाक मामला है। काजी के खिलाफ पूरी जांच ▶▶|शेष पेज 3 पर



### खुलकर करें शिकायत

*वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना है कि ऐसे काजी को समाज में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके पूरे कार्यकाल की जांच होगी कि अपने कार्यकाल में उन्होंने क्या-क्या किया है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि काजी के खिलाफ जो भी शिकायत हो उसकी जानकारी वक्फ बोर्ड को दी जाए, ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।*

### कुल 13 शिकायतें



वक्फ बोर्ड में काजी के खिलाफ अश्लील हरकत और शोषण की 13 शिकायतें की गई हैं। इसमें से 11 महिलाएं हैं। वक्फ को जो शिकायत मिली है, उसके मुताबिक काजी लंबे समय से महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करने के साथ शोषण कर रहा था। रात को एक बजे फोन करके महिलाओं को परेशान करने का काम काजी करता था। जो भी वक्फ को शिकायतें मिली हैं, उसको देखते हुए काजी को पहले तो उनके पद से हटाया गया है और इसके बाद उनका दफ्तर सील कर दिया गया है।

आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | =₹111272/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | =₹135900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | =₹148347/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### नौसेना में शामिल हुआ तारागिरी युद्धपोत

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े की युद्धक क्षमता में शुक्रवार को कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिली है। आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित पूर्वी नौसैन्य कमांड मुख्यालय में आयोजित किए गए एक भव्य समारोह में अत्याधुनिक स्टेल्थ फ्रिगेट 'आईएनएस तारागिरी' को नौसेना में कमीशन किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस दौरान

### पाकिस्तान में 458 का हुआ एक लीटर पेट्रोल

**नईदिल्ली।** पाकिस्तान में डीजल-पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा हो गया है। एक लीटर पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपया (पाकिस्तानी रुपया) के पार पहुंच गया है। सरकार ने पेट्रोल में 43% और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) के दाम में 55% का इजाफा किया है। यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद लिया गया है। नई दरें गुरुवार आधी रात से लागू हो गई हैं।

### कांगो में आईएस के हमले में 43 मरे

**गोमा (कांगो)।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 43 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एडीएफ) के लड़ाकों ने बुधवार रात बाफवाकोआ गांव में नागरिकों को निशाना बनाया। युगांडा में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा यह विद्रोही समूह खुली सीमा के दोनों ओर सक्रिय है।

जंग के बीच अमेरिकी प्रशासन में मची खलबली, आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को जबरन दिलाया रिटायरमेंट

# ट्रंप ने अपनों पर ही कर दी सर्जिकल स्ट्राइक, दो सैन्य कमांडर को हटाया

*एक महीने से भी ज्यादा वक्त तक ईरान से जंग लड़ने के बाद भी जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसे जीत नहीं पा रहे हैं, तो उन्होंने अपना निशाना बदल दिया है और अब अपने ही लोगों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर दी है। ट्रंप ने अपने बड़े-बड़े सैन्य अधिकारियों से लेकर देश के सबसे बड़े वकील तक का पद छीन लियाहै। ट्रंप ने कुछ को जबरन रिटायर होने का आदेश दे दिया है, तो कुछ की भूमिका बदलकर ये भी साबित करने की कोशिश की है कि ईरान से जंग लड़ने का फैसला, उसकी दशा और उसकी दिशा पेंटागन नहीं, बल्कि वॉशिंगटन तय करेगा।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मिडिल ईस्ट की जंग के बीच 2 बड़े फैसले लिए हैं। एक तो उन्होंने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को पद से हटा दिया है। दूसरा रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के जरिए आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को रिटायरमेंट लेने का आदेश दिया है। पाम बोंडी को पद से हटाने की वजह जेफरी एपस्टीन की फाइल्स हैं। वहीं जॉर्ज का जबरन रिटायर करने की वजह स्पष्ट नहीं है, लेकिन चर्चा है कि ट्रंप की ▶▶|शेष पेज 3 पर



### ईरान ने अमेरिकी पायलट को बनाया बंदी! एफ-35 जेट मारने का भी दावा

इधर, जंग में ईरान की सरकारी मीडिया और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उन्होंने अमेरिकी एड्वांसड एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट को दूसरी बार मार गिराया है और उसके पायलट को पकड़ लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पश्चिमी ईरान के ▶▶|शेष पेज 3 पर

### बोंडी को हटाने की वजह

राष्ट्रपति ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को पद से नाराजगी के कारण हटाया। बोंडी पर जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों की जांच को गलत तरीके से करने और राष्ट्रपति ट्रंप के विरोधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में देरी करने के कारण पद से हटाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप उनके काम करने के तरीके से नाराज थे।

### जॉर्ज के 'जबरन रिटायर की वजह

बताया गया है, जनरल रैंडी जॉर्ज को रिटायर करने की वजह ईरान युद्ध में तैनात सैनिकों का मनोबल नहीं बढ़ाना है। सूत्रों के अनुसार, मंत्री हेगसेथ ऐसे शख्स को सेना की कमान सौंपना चाहते हैं, जो राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार काम करे और उनके विजन को पूरा करने में हरसंभव सहयोग करेगा।

### होर्मुज स्ट्रेट खोलने वाले प्रस्ताव पर चीन-रूस का वीटो



*संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएन) में महत्वपूर्ण 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को खोलने के लिए बहरीन के नेतृत्व में लाया गया एक बड़ा प्रस्ताव वीटो पावर की भेंट चढ़ गया है। ईरान के करीबी सहयोगी माने जाने वाले रूस और चीन ने अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उनका तर्क था कि इस तरह के कदम से इलाके में तनाव और अधिक बढ़ सकता है। बहरीन ने मांग की थी कि इस रास्ते को सुचारू बनाने के लिए 'सभी आवश्यक तरीकों' का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए।*

राघव ने पार्टी पर खड़े किए सवाल

# 'खामोश करवाया गया हूं, मैं हारा नहीं हूं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा ने पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि आखिर जनता के मुद्दे उठाने से पार्टी को इतनी दिक्कत क्यों हो रही है कि उन्हें आवाज को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शायराना अंदाज में आम आदमी पार्टी पर करारा हमला करते हुए कहा, 'मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझ लेना। मैं वो दरिया हूं जो वक्त आने पर सैलाब बनता है।' चड्ढा ने कहा, मुझे ▶▶|शेष पेज 3 पर



### कोई मोदी से डर जाए तो देश के लिए क्या लड़ेगा ?

आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराग ढांडा ने कहा कि राघव चड्ढा सदन में पार्टी के मुद्दे उठाने के बजाय एयरपोर्ट की कैंटीन में समोसे सस्ते करवाने की बात करते उठाते थे। सदन में पार्टी के लाए प्रस्ताव पर भी उन्होंने साइन करने से मना कर दिया था। कोई मोदी से डर जाए तो लड़ेगा क्या देश के लिए? पंजाब के सीएम भगवंत मान ने राघव को कंप्रोमाइज्ड करार देते हुए कहा कि अगर कोई पार्टी लाइन के खिलाफ जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

30 मार्च को हुई थी इतिहास की परीक्षा, इसके क्यूआर कोड संग छेड़छाड़

# इतिहास के पेपर में क्यूआर कोड स्कैन करते ही दिखा रॉक बैंड, बोर्ड ने कहा-शरारत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई ने 12वीं के गणित के पेपर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एक फेमस रॉक बैंड का वीडियो वायरल हुआ था। अब 30 मार्च को हुए सीबीएसई 12वीं कक्षा के इतिहास के पेपर में दिया गया क्यूआर कोड एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पेज पर ले गया। इसके बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है। सीबीएसई ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है, वेब पर दिखने वाले नतीजे

- गणित का क्यूआर कोड स्कैन करते ही आया था रॉक बैंड का वीडियो





एल्गोरिदम-आधारित सर्च आउटपुट हैं और इनका सीबीएसई या उसकी परीक्षा प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर चल रही इस चर्चा को शरारतपूर्ण दुष्प्रचार करार दिया है। जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है, कुछ तत्व जानबूझकर इन असंबंधित सर्च नतीजों को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, ताकि झूठा दुष्प्रचार किया जा सके और सीबीएसई की छवि को नुकसान पहुंचाया ▶▶|शेष पेज 3 पर

### ट्रैकिंग के लिए क्यूआर

*जारी की गए एडवाइजरी में लिखा है, सीबीएसई के प्रश्न पत्रों पर छपे क्यूआर कोड्स, प्रमाणीकरण, ट्रैकिंग और परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए आंतरिक सिस्टम का हिस्सा हैं, और स्कैन किए जाने पर ये वेब लिंक के रूप में नहीं खुलते। इसके बजाय, ये केवल संबंधित टेक्स्ट (पाठ) दिखाते हैं। हालांकि, यदि कोई उपयोगकर्ता उस टेक्स्ट पर गूगल सर्च का उपयोग करता है, तो गूगल कुछ अन्य शब्दों का सुझाव देता है। यदि क्रोम जैसे मानक ब्राउजरों का उपयोग किया जाता है, तो ऐसा नहीं होता। सीबीएसई ने छात्रों और पालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे ऐसी भ्रामक जानकारियों के स्थान पर बोर्ड के आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध नोटिस का प्रयोग सूचनाओं के लिए करें।*

### जानकारी साझा करने पर प्रतिबंध

सीबीएसई ने एडवाइजरी को यह कहकर खत्म किया कि पब्लिक इंस्टिट्यूशन्स की इंटीग्रिटी बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी से जानकारी शेयर करना जरूरी है। इससे पहले सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के मूल्यांकन कार्य में शामिल टीचर्स को सोशल मीडिया पर गुमराह करने वाली जानकारी शेयर करने पर सख्त डिसिप्लिनरी एक्शन की चेतावनी दी थी। बोर्ड ने पाया था कि कुछ मूल्यांकनकर्ता अपनी राय और अनुभव ऑनलाइन पोस्ट कर रहे थे, जिससे छात्रों के मध्य चिंता उत्पन्न हो रही थी और भ्रामक तथ्यों को बढ़ावा मिल रहा था। इसके बाद बोर्ड ने इस पर प्रतिबंध लगाया था।





नक्सली अब खत्म हो रहे, अब मिल रही सुविधाएं

# एक बस...जिसे गांव तक पहुंचने में लग गए 79 बरस

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया का सागमेटा क्षेत्र। यह ऐसा गांव है, जहां आजादी के बाद से आज तक 79 बरसों में कभी बस नहीं पहुंची। इसके आसपास 35 और गांव हैं जिन्हें बस का इंतजार था। नक्सलियों से मुक्ति के बाद अब बस वहां पहुंची है। हजारों लोगों से बुनियादी सुविधाएं छीनने वाले नक्सली अब खत्म हो रहे हैं और लोगों को सुविधाएं मिलनी शुरू हो रही हैं।

इंद्रावती नेशनल पार्क क्षेत्र के कई गांव अब तक बुनियादी सुविधाओं से ▶▶|शेष पेज 3 पर



### इन गांवों को मिली सुविधा

मुकावेली, सागमेट्टा, डोके, गुटामरका, बड़े आलवाड़ा, कुसूमवेली, एलीगांड्रा, दामारम, सुचकोंटा, सलेपल्ली, सपीमरका, बड़े काकलेर, पूलगुंडम, बड़े गुंडापुरी, गुंडापुर, डोडीमरका, इरपगुटा, एडापल्ली, चेरपल्ली, नेल्लिमडगु, घरतुल, नेतीवाड़ा, पासेवाड़ा, नेती काक्लेर, रेंगावाया, ▶▶|शेष पेज 3 पर

### बस बनी उम्मीद की किरण

ग्रामीणों ने बताया कि अब तक उन्हें 17 किलोमीटर तक पैदल चलकर बाजार जाना पड़ता था। कई बार रिश्तेदारों के यहां रात गुजारनी पड़ती थी, लेकिन अब बस सीधे सागमेटा तक पहुंचने लगी है। इससे उनकी मुश्किलें काफी हद तक कम हो जाएंगी।

### ग्रामीणों की सुविधा के लिए दिया परमिट

*संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि सागमेटा क्षेत्र के ग्रामीणों की सुविधा के लिए बस की परमिट दिया गया है। साथ ही जिस गांव में बस नहीं चल रही है और ग्रामीणों की मांग पर, ट्रेवल्स के आवेदन पर परमिट दिया जाएगा।*

### सुरक्षा कैंप से संभव हुआ बदलाव

*ग्रामीणों ने बताया कि डोडीमार-सेलपल्ली क्षेत्र में स्थापित सुरक्षा कैंपों के चलते सड़क निर्माण संभव हो पाया। इसी सड़क पर अब बस सेवा शुरू हुई है, जो इस इलाके के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो रही है।*

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



“बस्तर की यह नई पहचान आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह क्षेत्र अब शांति, प्रगति और गौरव की राह पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## हम कृतज्ञ हैं......

माँ दंतेश्वरी और जनजातीय नायक वीर गुण्डाधुर की यह धरती छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 को माओवादी आतंक से मुक्त हुई है। हिंसक माओवादी विचारधारा ने न जाने कितनी माँओं की कोख उजाड़ दी, बहनों का सुहाग और मासूमों के सिर से पिता का साया छीन लिया। देश के लिए लड़ते हुए हजारों जवान शहीद हुए। दशकों से सशस्त्र माओवाद देश के विकास को खोखला करता रहा, वर्ष 2014 में आपके आशीर्वाद से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आई और दृढ़ संकल्प तथा सुनियोजित रणनीति के माध्यम से माओवादी हिंसा पर कठोर प्रहार किया गया। अनेक राज्य सशस्त्र माओवाद से मुक्त हुए लेकिन हमारी छत्तीसगढ़ महतारी और हमारे पड़ोसी राज्यों में यह नासूर बचा हुआ था। आपने पुनः आशीर्वाद दिया और राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाई। पिछले ढाई सालों में आपकी सरकार ने सामूहिक संकल्प के बल पर इस सशस्त्र माओवादी नासूर को नष्ट कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं उन शहीद जवानों के प्रति, जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को माओवाद से मुक्ति दिलाई। हम कृतज्ञ है हमारे सुरक्षा बल के जवानों के प्रति, जिन्होंने साहस और संकल्प के साथ अपनी जान पर खेलकर माओवाद की जड़ पर कड़ा प्रहार करके उसका समूल नाश किया।



हम कृतज्ञ हैं बस्तर की जनता का, जिन्होंने माओवादी हिंसा को न केवल अस्वीकार किया अपितु उसके विरोध में खड़े हुए। मुझे आपका जज्बा याद आता है जब सशस्त्र माओवादियों द्वारा वोट देने पर ऊंगली काट देने की धमकी दी जाती थी, तब भी आप निर्भय होकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करते थे। आपके मतदान से एक ऐसा नेतृत्व आया जिसने एक दशक के भीतर आंतरिक सुरक्षा के इस सबसे बड़े संकट को समाप्त कर दिया।

हम कृतज्ञ हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साहसपूर्ण नेतृत्व के प्रति। मुझे याद है वर्ष 2015 में दंतेवाड़ा में उन्होंने अपनी सभा में हथियार उठाने वाले युवाओं से कहा था ‘एक प्रयोग कीजिए, पांच दिन हथियार रख दीजिए, उस परिवार के बच्चे के साथ दिन गुजारिए जिसने आपकी वजह से अपने परिजनों को खोया है फिर आप कभी हिंसा के रास्ते में नहीं जाएंगे।‘

प्रधानमंत्री जी ने हमेशा हमारा हौसला बढ़ाया, मार्गदर्शन किया है। उनके दृढ़ संकल्प की बदौलत देश माओवादी हिंसा से मुक्त हुआ है। हिमालय जैसी चुनौतियों से निपटने के उनके साहस ने हमें उत्साह से भर दिया और हमने यह असंभव जैसा लक्ष्य प्राप्त किया।

हम कृतज्ञ हैं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के , जो माओवादी नासूर को नष्ट करने के लिए बनायी गई रणनीति के शिल्पी हैं । रायपुर में पत्रकारों की भरी सभा में आपने देश से वायदा किया था कि 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करेंगे और इसे पूरा किया। आपने माओवादी आतंक को नष्ट करने के लक्ष्य पर नजर टिकाए रखी। हमारा नेतृत्व किया, संसाधन और मार्गदर्शन दिया। हमारे बहादुर जवानों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया। आपने गोली का जवाब गोली से और बोली का जवाब बोली से देने का संदेश दिया। माओवादी हिंसा को छोड़कर जो शांति की राह पर लौटे, संविधान को अपनाया, उनका हमने स्वागत किया।

हम कृतज्ञ हैं प्रदेश की जनता के प्रति जो इस सुंदर धरती को सशस्त्र माओवाद से मुक्त कराने के रास्ते में सहभागी बनी, आपने हम पर विश्वास किया। विश्वास कीमती होता है, हमने इसकी रक्षा की है। बस्तर में बच्चे अब निर्भय होकर स्कूल जाएंगे, माताएं-बहनें आजादी की सांस लेंगी और हर तरफ विकास का उजाला फैलेगा।

**अब कहीं रेड कॉरिडोर नहीं, हर तरफ ग्रीन कॉरिडोर है।**
**एक सुखद उज्ज्वल भविष्य की राह पर हम सब सहभागी बन अब आगे बढ़ेंगे।**

## जय भारत, जय छत्तीसगढ़



आपका **विष्णु देव साय** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

*तरबूज, केला, आलू, प्याज, अंडा चावल का खाड़ी देशों में जाना बंद होने से कम हुए दाम*

*सप्लाई प्रभावित होने से खाद्य तेल ड्राई फ्रूट्स, मोबाइल के दाम बढ़े रसोई गैस का भी संकट, दाम भी बढ़े*


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## खाद्य तेलों के दाम बढ़े

खाद्य तेलों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। खाद्य तेलों में सोया और राइसब्रान के दाम ही ज्यादा बढ़ रहे हैं। जो कीर्ति गोल्ड एक माह पहले 130 रुपए लीटर था, वह अब 170 रुपए लीटर हो गया है। इसी के साथ राइसब्रान के दाम भी 165 से 170 रुपए हो गए हैं। थोक कारोबारी ▶▶|शेष पेज 3 पर



## मोबाइल के दाम रोज बढ़ रहे



मोबाइल में लगने वाली चिप्स ताइवान और अमेरिका से आती है। ऐसे में इसके दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। मोबाइल कारोबारी राजेश वासवानी के मुताबिक रोज किसी न किसी मॉडल के दाम बढ़ रहे हैं। 10 हजार रुपए वाले मोबाइल की कीमत अब 16 हजार हो गई है। एप्पल मोबाइल के दाम भी सात-सात हजार बढ़े हैं।

## ड्राई फ्रूट्स के दाम भी बढ़े

ड्राई फ्रूट्स के दाम में भी भारी गर्मी आ गई है। आवक कम होने से दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। ईरान से आने वाला बड़ी साइज का मामरा बादाम चार हजार के पार हो गया है। अन्य बादाम के दाम 26 सौ से 3000 हजार रुपए हैं। इसी तरह से ईरानी पिस्ता के दाम 32 सौ रुपए किलो हो गए हैं। ईरानी पिस्ता की कीमत तीन हजार के पार ▶▶|शेष पेज 3 पर



# जंग की आंच...फल-सब्जियां सस्ती, मोबाइल, तेल-मेवे में आई महंगाई

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच एक माह से भी ज्यादा समय से चल रहे युद्ध की आग में देश के कई सेक्टरों पर भी मार पड़ रही है। खाड़ी देशों में कई सामानों का जाना बंद होने के कारण इसके दाम स्टॉक ज्यादा होने के कारण कम हो गए हैं, वहीं कई सामानों की दूसरे देशों से सप्लाई प्रभावित होने के कारण कीमत ज्यादा ▶▶|शेष पेज 3 पर

### तरबूज के दाम आधे



देश से भारी मात्रा में तरबूज इराक, दुबई, बहरीन सहित कई खाड़ी देशों में जाता है। इस बार युद्ध के कारण यह नहीं जा पा रहा है। ऐसे में इसके दाम अपने राज्य में भी आधे हो गए हैं। जो तरबूज बीते साल थोक में 12 से 15 रुपए और चिल्हर ▶▶|शेष पेज3 पर

### आलू के दाम इतने कम




खाड़ी देशों में अपने देश से आलू और प्याज भी जाते हैं। प्याज तो कम मात्रा में जाता है, लेकिन आलू बहुत जाता है। आलू का खाड़ी देशों में जाना बंद होने के कारण पहली बार इसके दाम बहुत कम हो गए हैं। भनपुरी थोक मंडी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के ▶▶|शेष पेज 3 पर

### केले के दाम थोक में घटे




अपने देश से केले भी भारी संख्या में खाड़ी देशों में जाते हैं। ये केले महाराष्ट्र सहित और कई राज्यों से जाते है। केलों का बाहर जाना बंद होने के कारण इसके दाम 75 फीसदी तक कम हो गए। राजधानी के कारोबारियों के मुताबिक मप्र और महाराष्ट्र में जो केला पहले दो से ढाई हजार रुपए ▶▶|शेष पेज 3 पर

### अंडों के दाम कम



देश के कई राज्यों से रोज एक करोड़ अंडे कुवैत जाते हैं। इनका जाना बंद होने के कारण अपने राज्य में भी अंडों की कीमत कम हो गई है। पोल्ट्री फार्म में इसके दाम 3.70 रुपए और चिल्हर में 4.50 से 5.00 रुपए हैं।

### बासमती के दाम घटे



खाड़ी देशों में पंजाब और दिल्ली से बासमती चावल जाता है, इसका जाना बंद होने के कारण इसके दाम 10 से 15 रुपए किलो कम हो गए हैं। अलग-अलग ब्रांड के बासमती चावल के दाम 80 से 200 रुपए किलो तक रहते हैं। इसके ब्रांड के हिसाब से दाम कम हुए हैं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कर्नाटक टॉप पर, हम टॉप टेन में नौवें नंबर पर

*खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के पहले संस्करण का शुक्रवार को कर्नाटक के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ शानदार समापन हो गया। पहले ही दिन से पदक तालिका में दबदबा बनाने वाले कर्नाटक ने अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ ओडिशा ने दूसरा स्थान हासिल किया। मेजबान छत्तीसगढ़ ने टॉप-10 में 9वां स्थान पक्का किया। देश की जनजातीय खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने वाले इस आयोजन में कई उभरते खिलाड़ियों ने अपनी अमिट छाप छोड़ी।*

## छत्तीसगढ़ : तैयारी पूरी पर सुविधाएं अधूरी, खिलाड़ी खोजने कैंप भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कर्नाटक के इस शानदार प्रदर्शन और चैंपियन बनने के पीछे की असल मेहनत जानने के लिए हरिभूमि ने टीम के कुश्ती, स्वीमिंग, हॉकी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और एथलेटिक्स कोचों से खास बातचीत की। इस दौरान कुश्ती के कोच एस.के. नायडू ने कर्नाटक की कामयाबी का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि हर नई प्रतियोगिता के साथ कर्नाटक के खिलाड़ियों का प्रदर्शन और निखर रहा है।

इस बार कुश्ती में ही टीम ने 3 स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। कोच नायडू ने बताया कि बेहतरीन खिलाड़ियों की तलाश के लिए कर्नाटक में हर महीने विशेष कैंप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा, हमारी रणनीति यह नहीं होती कि अगर हमारे पास कोई ऐसा खिलाड़ी है जो लगातार तीन साल से गोल्ड ला रहा है, तो हम उसी पर निर्भर होकर बैठ जाएं और उसी को हर जगह खिलाएं। ▶▶|शेष पेज 3 पर

## ट्राइबल गेम्स का समापन, कर्नाटक ओवरऑल चैंपियन, 21 गोल्ड के साथ ओडिशा दूसरे स्थान पर, छत्तीसगढ़ ने बनाई टॉप-10 में जगह



### छत्तीसगढ़ इसलिए टॉपर नहीं

छत्तीसगढ़ ने हालांकि बेहतर प्रदर्शन किया है। लेकिन टॉप के राज्यों के मुकाबले अभी सुधार की जरूरत है। मसलन, कर्नाटक और ओड़िसा की तर्ज पर हमारे यहां खिलाड़ियों को तराशा और तलाश नहीं किया जाता। लगातार कैंप नहीं होते। केवल कुछ खिलाड़ियों पर ही निर्भर रहते हैं। जो अच्छे खिलाड़ी हैं उन पर ही निर्भर रहना भी बड़ा कारण है। एक्सपर्ट बताते हैं कि लोकल लेबल पर जो तैयारी होती है वह राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन नहीं है। हालांकि अब खेलों में छत्तीसगढ़ बेहतर तैयारियों में जुटा है। भविष्य में इसके बेहतर परिणाम निकलेंगे।

### क्षमता बढ़ाना कोच का काम, पसीना खिलाड़ियों का

कोच की भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि कोच का मुख्य काम खिलाड़ियों की क्षमता और स्टेमिना को बढ़ाना होता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई धावक किसी रेस को 1 मिनट में पूरी करता है, तो कोच के रूप में हमारी जिम्मेदारी उसे कड़ी ट्रेनिंग देकर 50 सेकंड में लक्ष्य पूरा करने के लिए तैयार करने की होती है। ▶▶|शेष पेज 3 पर

### गोल्ड मेडल जीतने वालों को मिलेंगे 2 लाख



खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का समापन समारोह दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा विशेष रूप से शामिल हुए। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की तारीफ करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। साथ ही ओलंपिक में जगह बनाने वाले किसी भी खिलाड़ी को बड़ी आर्थिक मदद देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने वालों को 2 लाख रुपए, सिल्वर मेडल जीतने वालों को 1.5 लाख रुपए और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों को 1 लाख रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। टीम चैंपियनशिप में मेडल जीतने वालों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज के लिए क्रमशः 1 लाख, 75000 और 50000 रुपए मिलेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पिछले 10 दिनों तक ▶▶|शेष पेज 3 पर

# निर्यात रुकने से छत्तीसगढ़ के फल-सब्जी विक्रेताओं को 450 करोड़ का नुकसान

- दुर्ग भिलाई सहित प्रदेशभर में लोकल में ही खपत करने की मजबूरी, किसानों को आर्थिक नुकसान



देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

दुर्ग भिलाई और रायपुर की फल मंडियों में इन फलों के दाम औंधे मुंह गिर गए हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस बार आधे दाम में फलों को बेचना पड़ रहा है। निर्यात ठप होने से छत्तीसगढ़ के इन फल उत्पादकों को 450 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान हो रहा है। अमेरिका- ईरान तनाव के कारण पूरी तरह प्रभावित हुआ है। मुंबई और विशाखापत्तनम के रास्ते संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और ओमान भेजे जाने वाले तरबूज, ▶▶|शेष पेज 3 पर

### केले के दाम थोक इस बार

केले के पैदावारी करने वाले दुर्ग जिले के किसान अनिल चौहान व मनोज कुमार बताते हैं कि अविभाजिल दुर्ग जिले केले का करीब एक लाख टन केला निर्यात होता है। जो मुख्य रूप से समुद्री मार्ग से ईरान और दुबई भेजा गया। दुबई से यह केला सड़क मार्ग के जरिए अन्य देशों जाता है। दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर, महासमुंद सहित प्रदेश के केले उत्पादक किसानों को इस बार घाटा उठाना ▶▶|शेष पेज 3 पर

### इस तरह तरबूजे व खरबूजे के दाम गिरे

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार प्रति एकड़ औसतन 35 टन तरबूज का उत्पादन होता है। इसी तरह खरबूजे की भी पैदावारी हो रही है। भिलाई फल मंडी एसोसिएशन के सचिव अमित पांडेय, कमीशन एजेंट मृत्युजंय पांडेय बतातें हैं कि खाड़ी देशों में निर्यात बंद होने से बाजार में आपूर्ति बढ़ गई है और कीमतें गिरकर थोक में 7 से 8 हजार रुपये प्रति टन तक पहुंच गई हैं। पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में यही दर 16 से 20 हजार ▶▶|शेष पेज 3 पर

## खबर संक्षेप

### पंचकूला केस : पूर्व सीएम हुड्डा को राहत

**नई दिल्ली।** पंचकूला में प्रकाशन समूह एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को प्लॉट आवंटन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को पंचकूला में सीबीआई की विशेष कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को कोर्ट ने हुड्डा और एजेएल के चेयरमैन रहे मोतीलाल वोरा को आरोप मुक्त कर दिया।

### रूसी सुखोई-30 विमान क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त

**मॉस्को।** एक सुखोई-30 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रीमिया में सामान्य प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया में आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। खबरों में बताया गया है कि दोनों पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर कूद गए।

अब दो की जगह तीन भाषाएं पढ़ेंगे स्टूडेंट

# सीबीएसई ने की क्लास 6 से थर्ड लैंग्वेंज अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एकेडमिक ईयर 2026-27 के लिए नया करिकुलम जारी किया है जिसके अनुसार नए शैक्षणिक सत्र से क्लास 6 के छात्रों के लिए थर्ड लैंग्वेंज अनिवार्य होगा। हर छात्र को कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी। बोर्ड इसके जरिए 2031 तक कक्षा 10वीं के बोर्ड एग्जाम से पहले स्टूडेंट्स के लिए तीसरी भाषा को जरूरी विषय बनाने की तैयारी में है जो कि एनईपी 2020 का हिस्सा है। एनईपी 2020 के अनुसार, छात्रों को कक्षा 10वीं तक तीन भाषाएं सीखनी होंगी। अभी स्टूडेंट्स केवल 2 भाषाएं पढ़ते हैं। सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह के मुताबिक, अभी क्लास 9 में तीसरी भाषा अनिवार्य नहीं होगी।

### यह है दूसरा बड़ा बदलाव

इसके अलावा, क्लास 9 और 10 में आर्ट एजुकेशन, वोकेशनल एजुकेशन और फिजिकल एजुकेशन को भी अनिवार्य किया जाएगा। साथ ही बोर्ड ने शिक्षा के ढांचे में जो दूसरा बड़ा बदलाव किया है वह यह है कि गणित और विज्ञान विषय को लेकर दो स्तरीय प्रणाली शुरू होगी। 2026-27 सत्र से नौवीं कक्षा के लिए इन दोनों विषयों में 'दो-स्तरीय प्रणाली' शुरू हो रही है।

अब खुद तय करेगी पाठ्यक्रम

# एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा दे दिया है। इससे अब एनसीईआरटी को विश्वविद्यालय की तरह काम करने की आजादी मिलेगी। इस फैसले के साथ ही एनसीईआरटी की भूमिका अब केवल स्कूलों के लिए पाठ्यक्रम और किताबें तैयार करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा सकेगी। यानी एनसीईआरटी अब डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट (यूजी), पोस्टग्रेजुएट (पीजी), डॉक्टरेट और स्पेशलाइज़्ड प्रोग्राम ऑफर कर सकेगी। ▶▶|शेष पेज 3 पर



### घटक इकाई

एनसीईआरटी, अपने छह घटक इकाइयों के साथ,एक 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' होगा। यानी ये फैसला दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ इसके छह घटक संस्थानों पर भी लागू होगा। इनमें अजमेर (राजस्थान), भोपाल (मध्य प्रदेश), भुवनेश्वर (ओडिशा), मैसूर (कर्नाटक), शिलांग (मेघालय) और भोपाल का पंडित सुंदरलाल शर्मा व्यावसायिक शिक्षा संस्थान शामिल हैं।

## एयरलाइन्स के विरोध के बाद पीछे हटी सरकार, 15 दिन में फैसला बदला

# हवाई यात्रियों को झटका! 60% फ्री सीट वाले आदेश पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर

विमानन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय (मोका) ने एयरलाइंस के लिए 60% सीटों को मुफ्त आवंटित करने के आदेश को फिलहाल अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया है। यह फैसला एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती कीमतों और एयरलाइंस के बढ़ते ऑपरेशनल खर्च के बीच लिया गया है। यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) की अपील के बाद यह फैसला लिया गया है। इसमें इंडिगो, ▶▶|शेष पेज 3 पर

- नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अगले निर्देश तक फैसला किया स्थगित



### यह है 60 फीसदी सीटों वाला नियम

बता दें कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्देश दिया था कि भारत में सभी एयरलाइन कंपनियों को प्रत्येक उड़ान में कम से कम 60 फीसदी सीटें फ्री आवंटित करनी होंगी। यानी यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अधिकांश सीटों का चयन करने की छूट होगी। इससे पहले कई एयरलाइंस बुकिंग या वेब चेक-इन के दौरान पसंदीदा सीटों के लिए एक्स्ट्रा चार्ज लगाती थी।

### मौजूदा नियम 20% सीटों पर ही लागू होता है

मौजूदा नियमों में पैसेंजर्स के लिए 20% सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस पंसद की सीटें चुनने पर 500 से 3000 रुपए तक एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

### मंत्रालय ने 18 मार्च को की थी घोषणा

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 18 मार्च को घोषणा की थी कि उसने डीजीसीए को आदेश जारी कर दिया है कि, वह एयरलाइनों को इस बाबत निर्देश जारी कर दे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने डीजीसीए को भेजे पत्र में कहा है, फेडरेशन आफ इंडियन एयरलाइंस और अकासा एयर से मिले आवेदनों के आधार पर इस मामले की समीक्षा की गई है।


ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

मध्य भारत के बेहतरीन अस्पतालों में से एक में
डायलिसिस अब निःशुल्क!
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए



- कैशलेस उपचार
- अनुभवी डॉक्टरों की टीम
- आधुनिक डायलिसिस मशीनें
- सुरक्षित एवं संक्रमण-मुक्त वातावरण



डॉ. नमन महेश पाठक
MBBS, MD (Internal Medicine) (BHU)
DM Nephrology (AIIMS)
कंसल्टेंट
नेफ्रोलॉजिस्ट एवं रीनल ट्रांसप्लांट फिजिशियन
7+ वर्षों का अनुभव

अपना आयुष्मान कार्ड लएं | काउंटर पर रजिस्ट्रेशन करें | निःशुल्क डायलिसिस पाएं

• आज ही निःशुल्क डायलिसिस का लाभ उठाएं •

इट्सा हॉस्पिटल्स, अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छ.ग.
0771 4800000, 7880 120000
www.itsahospitals.com

चिंतन

# अंतर्विरोधों को दूर करे आम आदमी पार्टी

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उभरी आम आदमी पार्टी (आप) ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्म लेकर जनता के बीच विश्वास का मजबूत आधार बनाया, लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेषकर राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक चल रहा है। पहले स्वाति मालिवाल, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास और प्रशांत भूषण सरीखे नेताओं के बाद अब राघव पर कार्रवाई इस बात का संकेत है कि पार्टी में अंदरूनी कलह चल रही है। किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी आंतरिक एकजुटता और अनुशासन पर निर्भर करती है। आप ने हमेशा खुद को अन्य दलों से अलग, अधिक पारदर्शी और लोकतांत्रिक संगठन के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन राघव चड्ढा प्रकरण ने इस छवि को कहीं न कहीं धक्का पहुंचाया है। यदि पार्टी के वरिष्ठ नेता ही पार्टी लाइन से अलग चलते दिखें या उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तो यह संकेत देता है कि अंदरूनी स्तर पर मतभेद गहरे हो चुके हैं। राघव चड्ढा कभी आप के उभरते सितारे माने जाते थे। विशेषकर पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्हें जीत का हीरो माना गया था, लेकिन अब वही नेता पार्टी नेतृत्व के निशाने पर हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत मतभेद का परिणाम नहीं लगता, बल्कि यह संगठनात्मक असंतुलन की ओर इशारा करता है। राघव का यह कहना कि उन्हें खामोश कराया गया है, पार्टी के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सवाल खड़े करता है। लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना किसी भी संगठन की मजबूती का संकेत होता है, न कि कमजोरी का। यदि पार्टी के भीतर ही असहमति को दबाने का प्रयास होगा तो वह धीरे-धीरे संगठन को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, पार्टी के प्रवक्ताओं और नेताओं द्वारा राघव चड्ढा पर लगाए गए आरोप भी कम गंभीर नहीं हैं। उनका कहना है कि जब पार्टी को राघव की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस समय वे पार्टी लाइन से अलग दिखे और अपने हितों को ऊपर रखा। यदि यह सही है कि उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर पार्टी का साथ नहीं दिया या पार्टी के प्रस्तावों से दूरी बनाई, तो यह अनुशासनहीनता का मामला बनता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मतभेदों को बातचीत और समन्वय के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई? आप का उदय अण्णा हजारे के आंदोलन से हुआ था, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी की बात करते थे। ऐसे में पार्टी के भीतर उभरते अंतर्विरोध उन मूल सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर न केवल पार्टी की छवि पर पड़ेगा, बल्कि उसके जनाधार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आप नेतृत्व आत्ममंथन करे। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर संगठन के हित को प्राथमिकता दे। पार्टी को चाहिए कि वह अपने नेताओं के बीच संवाद स्थापित करे, मतभेदों को खुले मंच पर सुलझाए और एक स्पष्ट दिशा तय करे। इससे न केवल आंतरिक एकजुटता मजबूत होगी, बल्कि जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा। अंततः, राजनीति में केवल बाहरी चुनौतियां ही नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। यदि आम आदमी पार्टी अपने अंतर्विरोधों को समय रहते दूर कर लेती है, तो वह एक बार फिर अपनी साख को मजबूत कर सकती है। अन्यथा, ये मतभेद धीरे-धीरे उसकी राजनीतिक ताकत को कमजोर कर सकते हैं।

# सुरक्षा, विकास और विश्वास की त्रिवेणी से बदलता बस्तर



विचार
केदार कश्यप

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 30 मार्च को लोकसभा में नक्सलवाद के लगभग समाप्त होने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक आत्मविश्वासी और निर्णायक भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह वह क्षण है, जब दशकों से संघर्ष और असुरक्षा के साए में जी रहे क्षेत्रों में स्थायी शांति और विकास की नई उम्मीद जगी है। बस्तर , जो कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माना जाता था, आज परिवर्तन, विश्वास और प्रगति की एक सशक्त मिसाल बनकर उभर रहा है। यह बदलाव केवल बंदूक की आवाज़ थमने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और मानसिक स्तर पर आए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। वर्षों तक उपेक्षा, गरीबी और संसाधनों की कमी ने जिस क्षेत्र को पीछे रखा, आज वही क्षेत्र योजनाबद्ध प्रयासों से आगे बढ़ रहा है।

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने बस्तर के जीवन को नई दिशा दी है। सोलर ऊर्जा और ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं ने अंधेरे गांवों को रोशनी दी, वहीं मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया। डिजिटल सेवाओं के बढ़ने से पारदर्शिता आई और लोगों की भागीदारी भी बढ़ी। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधार बस्तर के भविष्य की नींव मजबूत कर रहे हैं। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, आश्रम शालाएं और पोटा केबिन स्कूलों ने बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण दिया है। इससे नई पीढ़ी को हिंसा के रास्ते से दूर रखते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और टेलीमेडिसिन सुविधाओं ने लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया है। मातृ एवं

*यह केवल नक्सलवाद के अंत की कहानी नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है- जहां बस्तर शांति, आत्मनिर्भरता, सम्मान और समृद्धि के साथ भारत के विकास में अपनी नई पहचान बना रहा है।*



शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, टीकाकरण अभियान और पोषण योजनाओं ने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक क्षेत्र में आया परिवर्तन इस पूरे बदलाव का सबसे मजबूत आधार बनकर उभरा है। मनरेगा जैसी योजनाओं ने ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई और पलायन में कमी आई। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। बस्तर की वन संपदा को आर्थिक शक्ति में बदलने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज और अन्य लघु वनोपज के संग्रह और समर्थन मूल्य पर खरीदी ने आदिवासियों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाया है। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई और बिचौलियों पर निर्भरता कम हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों ने बस्तर में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की नई कहानी लिखी है। छोटे-छोटे व्यवसायों—जैसे खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, बकरी पालन और मशरूम उत्पादन—ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। इससे न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि महिलाओं का सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। युवाओं के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के माध्यम से युवा अब नई दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। इससे उनकी आय बढ़ी है और वे समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इन सभी आर्थिक और सामाजिक सुधारों का सीधा प्रभाव नक्सलवाद पर पड़ा है। जब लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के अवसर मिलते हैं, तो वे हिंसा और भटकाव के रास्ते से दूर रहते हैं। यही कारण है कि सरकारी योजनाएं नक्सलवाद की जड़ों को कमजोर करने में अत्यंत प्रभावी साबित हुई हैं।

'सिविक एक्शन प्रोग्राम' जैसे प्रयासों ने सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास को मजबूत किया है। गांवों में आयोजित चिकित्सा शिविर, खेलकूद और जागरूकता कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया है कि सरकार और सुरक्षा बल जनता के सहयोगी हैं, न कि केवल व्यवस्था लागू करने वाले, सरेंडर करने वाले पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्हें शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सहायता प्रदान कर मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है, जिससे वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें और समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। बस्तर का यह परिवर्तन केवल एक क्षेत्र की कहानी नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। यह साबित करता है कि जब सुरक्षा, विकास, विश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण को एक साथ आगे बढ़ाया जाता है, तो सबसे जटिल समस्याओं का भी स्थायी समाधान संभव है। आगे की राह में यह आवश्यक है कि विकास के इस मॉडल को और मजबूत किया जाए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी संस्कृति का सम्मान भी शामिल हो। बस्तर के जंगल, परंपराएं और जीवनशैली उसकी पहचान हैं, जिन्हें सुरक्षित रखते हुए ही समृद्धि का मार्ग तय करना होगा।

मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

ईरान-इजराइल तनाव
मुकेश प्रजापति



# यूएन की प्रासंगिकता, सीमाएं और पुनर्संरचना की जरूरत

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच गहराता तनाव समकालीन वैश्विक राजनीति के सबसे जटिल और संवेदनशील प्रश्नों में से एक बन चुका है। यह संघर्ष केवल द्विपक्षीय विरोधाभास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैचारिक टकराव, क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन, गैर-राज्य कारकों की सक्रियता और महाशक्तियों की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी अंतर्निहित है। विशेष रूप से इस संघर्ष में इजराइल को अमेरिका का स्पष्ट और संरचनात्मक समर्थन प्राप्त है, जो इसे एक क्षेत्रीय विवाद से आगे बढ़ाकर वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बना देता है। ऐसे बहुस्तरीय संकट में संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की भूमिका, उसकी प्रासंगिकता और संस्थागत सीमाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण अनिवार्य हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में उदार अंतरराष्ट्रीयतावाद की उस धारणा पर आधारित थी, जिसमें यह विश्वास निहित था कि बहुपक्षीय संस्थाएं, नियम-आधारित व्यवस्था और सामूहिक सुरक्षा तंत्र विश्व शांति को सुनिश्चित कर सकते हैं। 21वीं सदी के जटिल भू-राजनीतिक यथार्थ में यह आदर्श बार-बार यथार्थवादी शक्तियों की राजनीति से टकराता दिखाई देता है। ईरान-इजराइल संबंधों में अंतर्निहित शत्रुता वैचारिक, सामरिक और राजनीतिक स्तरों पर निर्मित हुई है। इजराइल जहां पश्चिमी खेमे का महत्वपूर्ण सहयोगी है, वहीं ईरान स्वयं को क्षेत्रीय प्रतिरोध की धुरी के रूप में प्रस्तुत करता है और इजराइल के अस्तित्व को चुनौती देता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, इजराइल की सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं के साथ मिलकर एक स्थायी तनाव का आधार तैयार करता है। अमेरिका द्वारा इजराइल को प्रदान किया जाने वाला सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संरक्षण इस समीकरण को और अधिक असंतुलित बनाता है, जिससे यह संघर्ष व्यापक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब बन जाता है। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को यदि संस्थागत दृष्टि से देखा जाए, तो इसके पास शांति स्थापना, प्रतिबंध, मध्यस्थता और मानवीय हस्तक्षेप जैसे अनेक उपकरण उपलब्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी संरचनात्मक बाधा उसकी सुरक्षा परिषद की संरचना है, विशेषकर स्थायी सदस्यों को प्राप्त वीटो शक्ति। यह व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति-संतुलन की उपज है, जो वर्तमान बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में असंगत प्रतीत होती है। इजराइल से जुड़े मामलों में अमेरिका का निरंतर समर्थन और वीटो का संभावित प्रयोग संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वहीं रूस और चीन का दृष्टिकोण कई बार संतुलन स्थापित करने के बजाय शक्ति-राजनीति का ही विस्तार प्रतीत होता है। संयुक्त राष्ट्र की सीमाओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझना भी आवश्यक है। वर्ष 2003 में इराक पर अमेरिकी नेतृत्व में हुआ आक्रमण संयुक्त राष्ट्र की स्वीकृति के बिना संपन्न हुआ, जिसने सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा को गंभीर रूप से कमजोर किया। इसी प्रकार, अफगानिस्तान में अमेरिका के दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के दौरान संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अपेक्षाकृत गौण रही, जो इसकी संस्थागत निर्बलता को रेखांकित करता है। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब महाशक्तियों के रणनीतिक हित दांव पर होते हैं, तब अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अक्सर निष्क्रिय या अप्रभावी हो जाती हैं। इसके विपरीत, संयुक्त राष्ट्र ने 'लो-पॉलिटिक्स' के क्षेत्रों विशेषकर मानवीय सहायता और वैश्विक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रकार, संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक द्वंद्वात्मक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए, जहां एक ओर यह वैश्विक संवाद, वैधता और सहयोग का मंच प्रदान करता है, वहीं दूसरी ओर इसकी संरचनात्मक सीमाएं इसे निर्णायक हस्तक्षेप से रोकती हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की आवश्यकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो शक्ति के प्रयोग पर पुनर्विचार तथा विकासशील देशों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, ये सभी कदम इसे अधिक प्रतिनिधिक और प्रभावी बना सकते हैं। भारत जैसे उभरते राष्ट्र लंबे समय से इस दिशा में सुधार की मांग करते रहे हैं। अंततः संयुक्त राष्ट्र संघ न तो पूर्णतः अप्रासंगिक हुआ है और न ही सर्वशक्तिमान है। यह एक ऐसी संस्था है, जिसकी प्रभावशीलता वैश्विक शक्ति-संतुलन और सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। ईरान-इजराइल संघर्ष के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सीमित होते हुए भी अनिवार्य बनी हुई है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इसे समकालीन वैश्विक यथार्थ के अनुरूप पुनर्गठित किया जाए, ताकि यह वास्तव में "विश्व शांति" के अपने मूल उद्देश्य को साकार कर सके।

(लेखक प्राध्यापक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

# मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

# भय से विश्वास तकः एक युगांतकारी परिवर्तन



विचार
बृजमोहन अग्रवाल

छह दशकों तक भारत की आंतरिक सुरक्षा, लोकतांत्रिक व्यवस्था और विकास यात्रा को चुनौती देता रहा नक्सलवाद आज अपने निर्णायक अवसान की अवस्था में पहुँच चुका है। यह केवल एक सुरक्षा सफलता नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय संकल्प की विजय है, जिसमें स्पष्ट नीति, अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति और केंद्र-राज्य के अभूतपूर्व समन्वय ने मिलकर एक जटिल और दीर्घकालिक समस्या का समाधान किया है। नक्सलवाद का यह अवसान इस सत्य को पुनः स्थापित करता है कि भारत में बंदूक की शक्ति अंततः लोकतंत्र की सामूहिक शक्ति के आगे टिक नहीं सकती। यह परिवर्तन अचानक नहीं आया-इसके पीछे दशकों का संघर्ष, अनगिनत बलिदान और एक ऐसी रणनीतिक निरंतरता रही है, जिसने अंततः इस चुनौती को निर्णायक रूप से परास्त किया।

इस ऐतिहासिक क्षण पर मैं उन सभी वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूँ-केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, कोबरा कमांडो, छत्तीसगढ़ पुलिस और स्थानीय सुरक्षाबलों के उन रणबाँकुरों को-जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से इस संघर्ष को निर्णायक मुकाम तक पहुँचाया। यह विजय उनके अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की अमिट गाथा है।

**नक्सलबाड़ी से रेड कॉरिडोर तकः एक वैचारिक आंदोलन का हिंसक विस्तार** : भारत में नक्सलवाद का उदय वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुआ, जिसकी वैचारिक जड़ें तत्कालीन सोवियत संघ और चीन की उग्र वामपंथी विचारधारा में थीं। अपनी विकास विरोधी छवि के कारण जब बंगाल में इस विचारधारा के प्रति विरोध पनपने लगा तो अपने विस्तार के लिए नक्सलवाद ने "सॉफ्ट टारगेट्स" की तलाश शुरू की—ऐसे क्षेत्र जहाँ शासन की पहुँच सीमित हो, सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ अधिक हों और जनजागरूकता कम हो। देश के वनांचल, आदिवासी और खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्र इस दृष्टि से सबसे आसान लक्ष्य थे। नक्सलवाद विस्तार की इसी रणनीति के तहत तथाकथित "रेड कॉरिडोर" विकसित हुआ, जो तिरुपति से पशुपति तक फैले विशाल भूभाग में फैल गया। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़, जिसका लगभग 42 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित है, इस रेड कॉरिडोर का रणनीतिक केंद्र बन गया। पड़ोसी राज्यों से अपनी गतिविधियाँ सीमित रखने का अघोषित समझौता कर नक्सली अबूझमाड़ क्षेत्र में संगठित होते चले गए। अपनी दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण दशकों तक प्रशासनिक सर्वेक्षण से दूर रहा अबूझमाड़ नक्सलियों का सुरक्षित शेल्टर बन गया।

विचारधारा से विचलनः माओवाद से मनीवाद तकः समय के साथ नक्सलवाद ने अपनी मूल वैचारिक पहचान खो दी और एक हिंसक आर्थिक उगाही तंत्र में परिवर्तित हो गया। बस्तर और सरगुजा जैसे वनाच्छादित जनजातीय क्षेत्रों में नक्सलियों ने समानांतर सत्ता संरचना स्थापित कर दी, जहाँ तथाकथित "जन अदालतों" के माध्यम से भय आधारित नियंत्रण कायम किया गया।

छत्तीसगढ़ के खनिज सम्पन्न क्षेत्रों की खदानें, विद्युत परियोजनाएँ, तेंदूपत्ता व्यापार-सभी उनके लिए उगाही के स्रोत बन गए। सरकारी कर्मचारियों, व्यापारियों, ठेकेदारों और यहाँ तक कि पुलिस बलों से भी जबरन वसूली की जाने लगी । यह उगाही धीरे-धीरे इतनी बढ़ी कि छत्तीसगढ़ में इसका वार्षिक आंकड़ा हजारों करोड़ रुपये तक पहुँचने की चर्चा होने लगी। सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस में



यह विचारधारा समाप्त हो गई। चीन ने भी माओवाद की सशस्त्र संरचना को छोड़कर आर्थिक सुधारों पर आधारित पूंजीवादी कम्युनिज्म मॉडल को अपना लिया, लेकिन भारत में नक्सलवाद अपने मूल उद्देश्यों से भटककर लेवी वसूली और हिंसा फैलाने का टूल बन गया। नक्सलवाद के झंडाबरदारों ने विचारधारा को त्यागकर इसे अपने आर्थिक हितों की पूर्ति और आतंक फैलाने का साधन बना लिया।

**नक्सलवाद के वैचारिक समर्थन की राजनीतिक पृष्ठभूमिः** दुर्भाग्य से, कांग्रेस-नीत सरकारों के लंबे शासनकाल में नक्सलवाद के प्रति स्पष्ट और कठोर नीति का अभाव रहा क्योंकि उस दौर में केंद्र और कई राज्यों में भी वामपंथी पार्टियां कांग्रेस के सहयोगी की भूमिका में थीं। सत्ता के लिए वामपंथ के साथ कांग्रेस की राजनीतिक निकटता का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार करने की बजाय इसे सामाजिक-आर्थिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर वैधता प्रदान करने की नीति हावी हो गई।

उस दौर में प्रशासनिक तंत्र के भीतर भी यह वैचारिक भ्रम दिखाई देता था। नक्सलवाद को सामाजिक समता पाने का वर्ग संघर्ष ठहराने के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किए गए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की नीतियाँ भी नक्सलवाद के विरुद्ध कठोर होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण हो गई थीं। इस दुलमुल नीति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद देश के 12 राज्यों के लगभग 180 जिलों में फैल गया और छत्तीसगढ़ के गठन के बाद से ही प्रदेश के समग्र विकास की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गया।

**जब हुई छत्तीसगढ़ विधानसभा की गोपनीय बैठकः** वर्ष 2003 से 2006 के बीच, जब मुझे मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी की सरकार में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व मिला, तब प्रदेश में पहली बार नक्सलवाद के विरुद्ध एक ठोस, नीतिगत और समन्वित अभियान प्रारंभ किया गया। "ज्वाइंट एफर्ट, ज्वाइंट कमांड और ज्वाइंट पॉलिसी" के सिद्धांत पर केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए गए। तात्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटील जी के साथ इस विषय पर मेरी कई गंभीर और विस्तृत मंत्रणाएँ हुई थीं। उस दौर में इस विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए देश के इतिहास में पहली बार विधानसभा में गोपनीय बैठकों का आयोजन किया गया, ताकि लोग बिना किसी भय के खुलकर अपनी बात रख सकें। तात्कालीन स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडेय जी की अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली इन बैठकों से अधिकारियों और पत्रकार साथियों को भी दूर रखना जरूरी हो गया था। इन मंत्रणाओं के परिणामस्वरूप बनी रणनीति के तहत तात्कालीन डीजीपी ओपी राठौड़ के नेतृत्व में कई अभियान चलाए गए और इसी क्रम में सलवा जुडूम जैसे जनअभियान की शुरुआत हुई।

**सलवा जुडूमः जनभागीदारी का ऐतिहासिक अध्यायः** हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि अशिक्षा, अज्ञानता और दुष्प्रचार के कारण स्थानीय समाज का एक बड़ा हिस्सा नक्सलवाद के प्रति सहानुभूति रखता था। इस स्थिति को बदलने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। स्कूलों, महाविद्यालयों और छात्रावासों में पर्चे और साहित्य वितरित किए गए। घर-घर जाकर नक्सलवाद की वास्तविकता को उजागर किया गया। इस अभियान में दिल्ली विश्वविद्यालय और जेएनयू जैसे संस्थानों से जुड़े राष्ट्रवादी विचारकों और छात्रों का भी सहयोग लिया गया। जनजातीय समाज को यह समझाया गया कि नक्सल नेतृत्व में स्थानीय छत्तीसगढ़ी आदिवासियों की भागीदारी शून्य है। जल जंगल जमीन के नारों की आड़ में हमारे भोले-भाले आदिवासियों का उपयोग केवल एक साधन के रूप में किया जा रहा था। यह भी सामने आया कि नक्सलियों के द्वारा आदिवासी युवतियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता था, उन्हें विवाह तक नहीं करने दिया जाता और सामान्य सामाजिक जीवन जीने तक से वंचित रखा जाता था। इन सभी कड़वी सच्चाइयों के उजागर होने से आई जनजागृति का परिणाम यह हुआ कि नक्सलवाद को मिलने वाला सामाजिक समर्थन कमजोर पड़ने लगा।

जब नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा बने सलवा जुडूम के अगुआ 'सलवा जुडूम' केवल एक सरकारी पहल नहीं थी, बल्कि आदिवासी समाज के भीतर से उठा एक स्वाभाविक जनआंदोलन था, जिसने पहली बार सही मायने में नक्सलवाद को चुनौती दी। तात्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा जी ने न केवल इस अभियान को पुरजोर समर्थन दिया बल्कि इसे जमीन पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। इस संघर्ष से जुड़े रहने के कारण अंततः उन्हें अपने प्राणों की आहुति तक देनी पड़ी—जो इस आंदोलन की गंभीरता और बलिदान की पराकाष्ठा का साक्षात प्रमाण है। नक्सलवाद ने हमें झीरम जैसे दंश दिए जिसमें प्रदेश के अग्रणी नेता काल कलवित हो गए। सलवा जुडूम जनआंदोलन को अगर व्यापक संस्थागत समर्थन मिला होता, तो निश्चित ही नक्सलवाद का उन्मूलन उसी दौर में हो जाता, पर वैधानिक संस्थानों में काम करने वाले कई लोगों की सलवा जुडूम के खिलाफ लामबंदी, अर्बन नक्सली बुद्धिजीवियों के वैचारिक विरोध और केंद्र सरकार के नीतिगत असमंजस के कारण यह अवसर पूर्ण रूप से साकार नहीं हो सका।

**समन्वित नेतृत्व से निर्णायक परिवर्तन** : वास्तविक परिवर्तन तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में नक्सलवाद के विरुद्ध स्पष्ट, कठोर और समन्वित नीति अपनाई गई। नक्सलवाद को महज कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर, राष्ट्र की एकता, विकास और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए गंभीर चुनौती मानते हुए नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए समयबद्ध रणनीति तैयार की गई।

केंद्र और राज्य सरकारों के सशक्त समन्वय के परिणामस्वरूप दिसंबर 2023 से मार्च 2026 के बीच सुरक्षा बलों ने लगातार सटीक और प्रभावी कार्रवाई करते हुए सैकड़ों कुख्यात नक्सलियों को निष्क्रिय किया, हजारों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया और बड़ी संख्या में गिरफ्तारियाँ सुनिश्चित कीं। लैंड माइंस का व्यापक निष्क्रियकरण हुआ और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। केंद्र और राज्य के समन्वित दृष्टिकोण और साझे प्रयासों से छह दशक पुराने नक्सलवाद के नासूर को जड़ से समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ

**बुलेट पर बैलेट की निर्णायक विजयः** नक्सलवाद पर यह विजय केवल एक आंतरिक सुरक्षा अभियान की सफलता नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक आत्मविश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। यह उस निर्णायक परिवर्तन का संकेत है, जहाँ भय की राजनीति को विश्वास की शक्ति ने प्रतिस्थापित किया है और जहाँ बंदूक के साये में जी रहे समाज ने विकास और सहभागिता के मार्ग को अपनाया है। जो लोग बंदूक और गोलियों के दम पर भय के माध्यम से छत्तीसगढ़ में छद्म राज्य की कल्पना करते थे उनका अंत हुआ और लोकतंत्र की विजय हुई। बुलेट पर बैलेट की जीत हुई। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता और विशेषकर बस्तर की जनता को इस ऐतिहासिक विजय की हृदय से शुभकामनाएं।

(लेखक छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री एवं वर्तमान में रायपुर लोकसभा से सांसद हैं)

# संलग्नीकरण समाप्ति के आदेश से हड़कंप, सालों से मुख्यालयों में जमे डाक्टरों की फील्ड पर होगी वापसी

## पोस्टिंग स्वास्थ्य केंद्रों की, अटैचमेंट में डयूटी जिला और राज्य कार्यालयों में

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री के संलग्नीकरण समाप्ति के आदेश से सालों से मुख्यालयों में आराम की नौकरी करने वाले डाक्टरों सहित अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जारी आदेश के मुताबिक उन्हें मुख्यालयों की नौकरी छोड़कर स्वास्थ्य केंद्रों में लौटना होगा। अलग-अलग जिलों में अनेक डाक्टर ऐसे हैं, जो प्रशासनिक दिलचस्पी के कारण अपना मूल काम छोड़ चुके हैं। इन डाक्टरों सहित अन्य कर्मचारियों का पदस्थापना स्थल जाने के लिए अब तक रिलीव आर्डर जारी नहीं किया जा सका है।

स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की कमी और सीएमएचओ कार्यालयों, स्वास्थ्य संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में बड़ी संख्या में डाक्टर काम कर रहे हैं।



इनकी पोस्टिंग विभिन्न शासकीय अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों में है, मगर अटैचमेंट के जरिए वे अपना मूल पेशा छोड़कर अन्य कामकाज में दिलचस्पी ले रहे हैं। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संलग्नीकरण समाप्त करने की घोषणा की थी। इस आदेश के बाद ऐसे आरामपसंद डाक्टर और अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जारी आदेश के बाद रायपुर समेत तमाम जिला मुख्यालयों में अटैच कर्मचारियों की सूची तो तैयार कर ली गई है, मगर उन्हें वापस मूल पदस्थापना स्थल पर भेजने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी है। जानकार सूत्रों का दावा है कि इलाज के बजाए मुख्यालयों में सेवा देने वाले डाक्टरों को अगर उनकी मूल पोस्टिंग पर भेजा जाता है, तो बड़ी संख्या में डाक्टर फील्ड पर उपलब्ध होंगे। इसके अलावा मुख्यालय में जमावड़ा लगाकर ड्यूटी करने वाले गैर चिकित्सकीय स्टाफ को भी उनके मूल विभाग में लौटना होगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि वापसी के लिए इनकी सूची भी जल्दी ही जारी होगी।

रायपुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में भी पचास से ज्यादा कर्मचारी अटैचमेंट में अपना काम कर रहे हैं। इनमें वे डाक्टर भी शामिल हैं जिनकी पोस्टिंग स्वास्थ्य केंद्रों में है और वे मरीजों का इलाज करने के बजाए मुख्यालय में अटैचमेंट लेकर अपने मूल पेशा से दूर हो चुके हैं। राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का नोडल बनकर वे अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहे हैं।

रायपुर जिले में करीब सत्तर हमर क्लीनिक की स्थापना की जानी है। काफी कोशिशों के बाद पचास क्लीनिक बने हुए हैं, जहां डाक्टर और अन्य स्टाफ अपनी सेवा दे रहे हैं। जिन हमर क्लीनिक को अस्तित्व में आना है, वहां के स्टाफ को फिलहाल दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में अटैचमेंट में रखा गया है। जारी आदेश के बाद इन्हें भी अपने पदस्थापना स्थल पर लौटना होगा जो अभी अस्तित्व में नहीं है।

### नियमानुसार कार्यवाही

अटैचमेंट के मामले में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। मुख्यालयों सहित अन्य स्थानों पर पदस्थ चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ को मूल पदस्थाना स्थल पर भेजा जाएगा।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ, रायपुर

# आर्थिक अपराध गंभीर श्रेणी में आते हैं, यह समाज और अर्थव्यवस्था के लिए घातक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बहुचर्चित कोयला लेवी घोटाले के सरगना सूर्यकांत तिवारी के करीबी आरोपी देवेंद्र डडसेना की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने कहा कि आर्थिक अपराध गंभीर श्रेणी में आते हैं। ऐसे मामलों में जमानत देने में विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। यह समाज और अर्थव्यवस्था के लिए घातक है।

ध्यान रहे कि कोयला घोटाले में ईओडब्ल्यू और एसीबी ने आईपीसी की धारा 384, 420, 120-बी, 467, 468, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में सामने आया कि कोयला परिवहन पर अवैध वसूली का बड़ा नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। इस नेटवर्क के तहत प्रति टन 25 रुपए की अवैध वसूली की जा रही थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच इस सिंडिकेट की ओर से करीब 540 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई। इस पूरे मामले में कई नौकरशाह, कारोबारी और अन्य लोग शामिल पाए गए हैं। आरोप है कि मास्टरमाइंड सूर्यकांत तिवारी ने अफसरों और नेताओं की मिलीभगत से 570 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली कराई। वसूली का काम देवेंद्र डडसेना और एक अन्य व्यक्ति संभालते थे। लेन-देन के लिए वॉट्सऐप पर पाल, दुर्ग, वीकली, टावर और जुगनू नाम से ग्रुप बनाए गए थे, जिनमें बातचीत में कोडवर्ड का इस्तेमाल किया जाता था।

### आरोपी की भूमिका महत्वपूर्ण और सक्रिय

हाईकोर्ट में पेश दस्तावेजों और केस डायरी के अनुसार देवेंद्र डडसेना कथित तौर पर इस सिंडिकेट की अहम कड़ी था, उस पर अवैध वसूली की रकम लेने और बांटने का आरोप है। जब्त की गई डायरी और गवाहों के बयानों में लगभग 52 करोड़ रुपए के लेन-देन का जिक्र है। जांच में यह भी सामने आया कि यह राशि राजनीतिक और अन्य खर्चों में उपयोग की गई। आरोपी की ओर से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है और कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है, केवल सह-आरोपी के बयान हैं। वहीं राज्य सरकार ने दलील दी कि मामला गंभीर आर्थिक अपराध का है, आरोपी की भूमिका महत्वपूर्ण और सक्रिय रही है। साक्ष्य से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है और जांच अभी जारी है, इसलिए जमानत देना उचित नहीं है।

## हाईकोर्ट का फैसला, बालिग और शादीशुदा महिला की सहमति से बना शारीरिक संबंध दुष्कर्म नहीं



बिलासपुर। दुष्कर्म के मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ पीड़िता की अपील पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि बालिग और शादीशुदा महिला के साथ उसकी मर्जी से बनाए शारीरिक संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जाएगा। ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है। दरअसल छत्तीसगढ़ बेमेतरा जिले की निवासी दुष्कर्म पीड़िता ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में बताया कि वह कृषि महाविद्यालय में मजदूरी करने जाती थी। गांव के दूसरे लोग भी काम करने आते थे। आरोपी भी वहां काम करता था। इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। पीड़िता के मुताबिक 25 जुलाई 2022 की सुबह आरोपी उसे अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। जब आरोपी ने संबंध बनाया तो वह पहले से ही तीन माह के गर्भ से थी। लोकलाज के भय से उसने इस बारे में किसी को जानकारी नहीं दी। पति के पूछने पर घटना की जानकारी दी, इसके बाद थाने में रिपोर्ट लिखाई।

### दुष्कर्म का मामला नहीं बनता

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। ट्रायल कोर्ट ने गवाहों एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। इस पर पीड़िता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि इस प्रकरण में ऐसा कोई सबूत नहीं है कि पीड़िता की उम्र 18 साल से कम थी। याचिकाकर्ता के बयानों से भी साफ है कि आरोपी ने पीड़िता की सहमति से शारीरिक संबंध बनाया था। कोर्ट ने कहा, एक बालिग और शादीशुदा महिला के साथ उसकी मर्जी और सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंध में दुष्कर्म का मामला नहीं बनता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

## केवल परीक्षा में शामिल होने से रिजल्ट प्राप्त करने का कानूनी अधिकार नहीं मिलता

बिलासपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने कहा है कि केवल परीक्षा में शामिल होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार को नियुक्ति पाने या परिणाम घोषित करवाने का कोई कानूनी या अपरिहार्य अधिकार प्राप्त नहीं होता। अगर चयन प्रक्रिया के बीच में सरकार को पता चलता है कि नियम वैधानिक प्रावधानों के खिलाफ हैं, तो वह पूरी प्रक्रिया को कभी भी रद्द कर सकती है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पदों पर कार्यरत अचिंता भौमिक और अन्य कर्मचारियों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई थीं, इसमें बताया कि विभाग ने इंस्पेक्टर, विधिक माप विज्ञान के पद पर पदोन्नति के लिए विभागीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पहले सामान्य स्नातकों को पात्र माना, लेकिन बाद में परीक्षा होने के बाद 20 जनवरी 2023 को पूरी प्रक्रिया ही रद्द कर दी। याचिका के बाद हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा था। सरकार की ओर से कहा गया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सुधार किया गया जो कि नियमों के तहत था। चयन प्रक्रिया के बीच में इसमें सुधार की जरूरत महसूस की गई। हाईकोर्ट ने शासन के जवाब को स्वीकार करते हुए उम्मीदवारों की याचिका खारिज कर दी।

# तेंदुए की दो खाल के साथ पकड़ा गया अन्तर्राज्यीय तस्करों का गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/वाड्रफनगर

वन विभाग व वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम ने क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय तस्करों के गिरोह को पकड़ने में सफलता हासिल की है। टीम ने आरोपियों के पास से दो तेंदुआ खाल भी बरामद किया है। आरोपी तेंदुआ खाल की तस्करी करने के लिए जा रहे थे, अब तक यह नहीं पता चल सका है कि तस्करों ने इन तेंदुओं

शिकार कब और कहां किया गया। इस गिरोह में अन्य लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि वन्य जीवो के खिलाफ होने वाले अपराध की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के बीच बलरामपुर जिले में मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग तेंदुआ खाल की तस्करी के लिए यूपी, झारखण्ड से आए हुए है। सूचना के बाद वन्य जीवन अपराध नियंत्रण ब्यूरो मध्य क्षेत्र भोपाल, राज्य उड़न दस्ता दल व वन मंडल बलरामपुर की संयुक्त टीम 2 अप्रैल को क्षेत्र में गस्त पर निकली थी। इस दौरान संयुक्त टीम को बसतंतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमई में दो व्यक्ति



बाइक से बैग लेकर आते हुए नजर आए। ऐसे में वन विभाग की टीम ने लोगों को रोककर उनसे पूछताछ की तो सही जवाब नहीं दे पाए। टीम ने उनके पास मौजूद बैग की तलाशी ली तो उसमें से एक नग तेंदुआ का खाल बरामद हुआ। आरोपी खाल की तस्करी करने आए हुए थे।

ऐसे में टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर अन्य तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम टीम ने घेराबंदी कर 7 अन्य लोगों को भी पकड़ा। टीम ने उनके पास से भी एक नग खाल बरामद किया है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई में 9 लोगों से कुल 2 नग तेंदुआ का खाल बरामद किया है और दोनों तेंदुआ पूर्ण रूप से वयस्क थे। बड़ी बात यह है कि अब तक इस बात का पता नहीं चल सका है कि इन तेंदुओं का शिकार छत्तीसगढ़ में किया गया है या किसी अन्य राज्य में। इस गिरोह में अन्य लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है।

# इस माह बिजली का नया टैरिफ लागू होने की संभावना कम, आयोग में चल रहा मंथन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को नए सत्र में महंगी बिजली का झटका लगना तय है। अब यह झटका कितना बड़ा होगा, इसका फैसला करने में बिजली नियामक आयोग लगा हुआ है। अब तक इस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से और कुछ जानकारी मांगी है। यह जानकारी आने के बाद ही फैसला होगा। ऐसे में संभावना है कि इस माह नया टैरिफ लागू नहीं हो पाएगा। पॉवर कंपनी ने नए सत्र 2026-27 के लिए पूरा लेखा-जोखा बनाकर नियामक आयोग में नए टैरिफ के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका में बताया गया है कि प्रचलित दर से 26216 करोड़ का राजस्व मिलने की संभावना है। इसी के साथ साल भर का खर्च 25460 करोड़ बताया गया है। ऐसे में 756 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन इसी के साथ पिछले सत्रों की अंतर की राशि का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि नए सत्र के फायदे को पुराने अंतर की राशि में कम करने के बाद भी 63 सौ करोड़ के राजस्व की और जरूरत होगी।

नए सत्र में 26 सौ करोड़ का राजस्व मिलेगा, पुराना घाटा 63 सौ करोड़ है, ऐसे में नए सत्र के लिए कुल 32 हजार पांच सौ करोड़ से ज्यादा के राजस्व की जरूरत बताई गई है। इस जरूरत के हिसाब से ही नया टैरिफ तय करने की मांग रखी गई है।

बिजली नियामक आयोग अब जनसुनवाई के बाद लेखा जोखा देख रहा है। आयोग तय करेगा कि वास्तव में कंपनी का कितना घाटा मान्य होगा। जानकारों के मुताबिक अगर आयोग ने 63 सौ करोड़ के घाटे को पांच हजार करोड़ भी माना तो इसके कारण बिजली की कीमत 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ेगी। बीते साल पांच सौ करोड़ का घाटा मानने पर दो फीसदी दाम बढ़े थे। ऐसे में आयोग भी परेशान है कि आखिर क्या किया जाए। ऐसे में फैसला लेने में थोड़ा विलंब हो रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एक नहीं 11 महिलाओं ....

की जाएगी उन्होंने और क्या-क्या किया है। जिनको भी उनके खिलाफ कोई भी शिकायत है वो वक्फ बोर्ड में शिकायत करें ताकि काजी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके। काजी को पद से हटाने के बाद पहली बार वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डा. सलीम राज मदरसे का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ शहर के कई मौलाना और मदरसा की संचालन समिति के सदस्य भी थे। उन्होंने बताया सौ के इतिहास में पहली बार मदरसे का निरीक्षण किया गया है। मदरसे का निरीक्षण करने ही नही दिया जाता था। लेकिन पहली बार पुलिस फोर्स के साथ जाकर मदरसे की पूरी निरीक्षण किया गया। कई दस्तावेज जप्त किए गए हैं। इसमें देखा जाएगा कि मदरसे में कितने लोग पढ़ते थे और क्या-क्या होता था। पूरे मामले की जांच की जाएगी। काजी के दफ्तर को सील कर दिया गया है।

### ट्रंप ने अपनों ....

कुछ नीतियों को सेना में लागू करने में वे सक्षम नहीं हैं। दो अन्य प्रमुख जनरल चीफ ऑफ चैपलिन मेजर जनरल विलियम ग्रीन और यूएस आर्मी ट्रांसफॉर्मेशन एंड ट्रेनिंग कमांड के कमांडिंग जनरल जनरल डेविड होडने पर भी गाज गिरी है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है।

### ईरान ने अमेरिकी पायलट ....

कोहगिलुयेह और बोयर-अहमद प्रांत के आसपास आईआरजीसी के एडवांस डिफेंस सिस्टम ने अमेरिकी फाइटर जेट एफ-35 को निशाना बनाया। ईरानी मीडिया का कहना है कि विमान क्रैश हो गया और पायलट को जिंदा धर दबोचा। हालांकि इस दावे की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।

### -'खामोश करवाया गया ....

जब-जब संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता के मुद्दे उठाता हूं और ऐसे टॉपिक उठाता हूं जिसे आम तौर पर संसद में नहीं उठाया जाता। क्या जनता के मुद्दे उठाना कोई अपराध है? क्या मैंने कोई अपराध कर दिया है? ये मुद्दे उठाने के बाद देश के आम आदमी का तो फायदा हुआ लेकिन इससे आम आदमी पार्टी का क्या नुकसान हो गया? कोई मुझे बोलने से क्यों रोकना चाहता है।

### इतिहास के पेपर ...

जा सके। इसमें आगे कहा गया है कि क्यूआर कोड को असंबंधित व्यक्तियों या सामग्री से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।

### एक बस...जिसे गांव ....

वंचित थे। इस बस सेवा ने न केवल उन्हें शहर से जोड़ा है, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है। नेशनल पार्क के अंदर बसे आदिवासी ग्रामीणों के लिए यह बस सेवा किसी सपने के सच होने जैसी है। वर्षों की प्रतीक्षा के बाद मिली इस सुविधा ने उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी है। अब उन्हें इलाज, शिक्षा और बाजार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### इन गांवों को ....

मोरीमडगु, कोकरा, पांदीवाया, मुटूसा, कारेमरका, चिनना, काकलेर।

### जंग की आंच...फल-सब्जियां सस्ती...

हो गई है। भारत से कई तरह के सामान दूसरे देशों में जाते हैं और कई देशों से भारत में सामान आते हैं। भारत से तरबूज, केला, आलू और प्याज, अंडा और चावल भी खाड़ी देशों में जाते हैं। इनका जाना बंद होने के कारण इसके दाम बहुत कम हो गए हैं। दूसरी तरफ बाहर के देशों से आने वाले ड्राई फ्रूट्स के दाम बढ़े हैं। इसी के साथ खाद्य तेलों के दाम में भी इजाफा हुआ है। मोबाइल की चिप्स के कारण इसके दाम भी बढ़े हैं।

### तरबूज के दाम आधे...

में 20 से 30 रुपए में बिक रहा था, वह इस बार थोक में 7 से 8 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए किलो बिक रहा है।

### आलू के दाम इतने...

मुताबिक इस समय आलू के दाम थोक में 5 से 6.5 रुपए तक हैं। पहले कभी इसके दाम इतने कम नहीं रहे हैं। प्याज के दाम भी इस समय बहुत कम हैं। थोक में यह 10 से 12 रुपए और चिल्हर में 20 से 25 रुपए किलो बिक रहा है।

### केले के दाम थोक...

क्विंटल बिकता था, उसके दाम 400 से 12 सौ रुपए तक हो गए हैं। हालांकि अपने राज्य में केले के दाम ज्यादा कम नहीं हुए हैं। थोक में यहां 10 से 15 रुपए किलो और चिल्हर में 20 से 25 रुपए दर्जन में केले बिक रहे हैं। ये केले लोकल हैं।

### खाद्य तेलों के दाम....

प्रेम पाहुजा के मुताबिक बाहर से सोया तेल का कच्चा माल और पक्का माल भी आता है। वहां से सप्लाई प्रभावित होने के कारण इसके दाम बढ़ रहे हैं। इसी के साथ जहां पर सोया तेल की कमी है, वहां पर राइसब्रान की मांग के कारण इसके दाम भी बढ़ रहे हैं।

### ड्राई फ्रूट्स के दाम भी बढ़े...

हो गई है। यह पहले 28 सौ रुपए किलो था जो अब 32 सौ रुपए किलो हो गया है। अन्य पिस्ता 23 से 25 सौ रुपए थोक में और चिल्हर में इसके दाम 25 से 27 सौ रुपए हैं। अमेरिकन पिस्ता 15 सौ रुपए किलो है।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कर्नाटक...

हम हमेशा उन नए खिलाड़ियों की तलाश में रहते हैं, जिनकी क्षमता अधिक हो। इसीलिए ये मासिक कैंप बहुत जरूरी हैं, क्योंकि यहीं से हमें भविष्य के असली चैंपियन मिलते हैं। इससे खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा भी बनी रहती है। **ओडिशाः बेहतरीन सुविधाओं से निखर रहा है खेल-** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में ओडिशा ने 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में ओडिशा के लिए सबसे खास बात यह रही कि वह सभी छह प्रतियोगी खेलों में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीतने वाला एकमात्र राज्य बना। ओडिशा के इस शानदार प्रदर्शन को लेकर टीम के एथलेटिक्स, स्वीमिंग और हॉकी कोचों से विशेष बातचीत हुई। कोचों का कहना है कि राज्य में खिलाड़ियों को मिल रही बेहतरीन खेल सुविधाओं के कारण ही बीते 7 सालों से ओडिशा हॉकी, स्वीमिंग और अन्य खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। आज ओडिशा में खिलाड़ियों को बड़े और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। कोचों ने बताया, हमारा मानना है कि खिलाड़ी की तैयारी ठीक उसी स्तर की होनी चाहिए, जिस स्तर पर उसे अपना मुख्य प्रदर्शन करना है। आज भारतीय खेल प्राधिकरण के रीजनल स्पोर्ट्स कैंप हों या खेल अकादमियों के मैदान, हर जगह खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय और अत्याधुनिक व्यवस्थाएं मिल रही हैं। इन सुविधाओं का फायदा यह है कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान ही अपनी कमियां और गलतियां समझ आ जाती हैं। इससे उन्हें यह स्पष्ट हो जाता है कि मुख्य मुकाबले में मेडल जीतने के लिए उन्हें किस स्तर का प्रदर्शन करना है। **फुटबॉल में पश्चिम बंगाल, तीरंदाजी में झारखंड और ओडिशा-** पुरुष फुटबॉल का स्वर्ण पदक पश्चिम बंगाल के नाम रहा। तीरंदाजी में झारखंड और ओडिशा की चमक रही। अंतिम दिन तीरंदाजी में चार स्वर्ण पदक दांव पर थे. झारखंड की पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन कोमालिका बारी ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता. वहीं ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में अपने ही राज्य के सोमनाथ हेम्ब्रम को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया. पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में झारखंड ने ओडिशा को 6-4 से हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। नागालैंड ने महिला रिकर्व टीम फाइनल में झारखंड को हराकर स्वर्ण पदक जीता। **मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ सफल खिलाड़ी-** कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते. महिला वर्ग में ओडिशा की अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान खींचा, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए।इस उद्घाटन संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में हिस्सा लिया। कुल 106 स्वर्ण पदक विभिन्न खेलों में दिए गए. 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पदक तालिका में जगह बनाई, जिनमें से 20 ने कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता।

### क्षमता बढ़ाना कोच ...

तकनीक और मार्गदर्शन हमारा होता है, लेकिन मैदान पर पसीना और कड़ी मेहनत पूरी तरह से खिलाड़ियों की ही होती है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी 3 से 5 महीने पहले शुरू कर देते हैं। हर प्रतियोगिता में ऐसे खिलाड़ियों को भेजता है, जिसकी क्षमता सर्वाधिक होती है। हम हार से सीखते हैं, जिस मैच में हारते हैं उसमें उस खिलाड़ी की क्षमता का भी अध्ययन करते हैं और फिर हमे उससे अधिक क्षमता वाले खिलाड़ी की तलाश और खिलाड़ी को तैयार करते का काम करते हैं।

### गोल्ड मेडल जीतने वालों को...

देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ में अपना समय बिताया। एक मेजबान के रूप में हमने खिलाड़ियों के भव्य स्वागत से लेकर उनकी हर छोटी-बड़ी सुविधा पर विशेष ध्यान दिया है।इसके साथ ही, उपमुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में मेजबान छत्तीसगढ़ टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने राज्य के खिलाड़ियों को कुल 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतने पर अपनी ओर से विशेष बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### निर्यात रुकने से छत्तीसगढ़ के फल-सब्जी ...

खरबूज और केले अब स्थानीय मंडियों में ही अटक गए हैं। किसानों के मुताबिक इस वर्ष प्रदेश में 10 से 15 हजार एकड़ नदी क्षेत्र में तरबूजे और खरबूजे की खेती की गई है। दुर्ग जिले के धमधा, बालोद, रायपुर, राजनांदगांव , बेमेतरा, गरियाबंद महासमुंद बलौदाबाजारए जांजगीर.चांपा और सारंगढ सहित कई जिलों में बड़े पैमाने पर तरबूजे और खरबूजे की पैदावारी हुई है।

### केले के दाम थोक इस...

पड़ रहा है। केले के दाम पिछले साल वर्ष 2025 में 30 से 40 रुपए प्रति किलो थोक भाव में बेचते थे लेकिन इस बार यह घटकर 8 से 12 रुपए किलो बिक रहा है। कतर , ओमान, ईरान और दुबई में छत्तीसगढ़ से केले कमीशन एजेंट के माध्यम से भेजे जाते थे। इस बार एजेंट ही नहीं आ रहे हैं। इसलिए केले की खपत लोकल स्तर पर करना पड़ रहा है।

### इस तरह तरबूजे व खरबूजे के दाम गिरे...

रुपये प्रति टन थी। इस तरह प्रति टन लगभग 8 से 10 हजार रुपये का नुकसान हो रहा है। इस स्थिति में प्रदेश के सैकड़ों किसानों को तरबूज व खरबूज कुल मिलाकर 450 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के कमीशन एजेंट दुर्ग जिले के किसानों के पास सौदा करने आते थे जो इस बार निर्यात बंद होने की वजह से नहीं आ रहे हैं।

### एनसीईआरटी को मिला...

एनसीईआरटी को ऑफ-कैंपस और ऑफशोर सेंटर बनाने की भी इजाजत होगी, लेकिन सिर्फ यूजीसी के जारी किए गए नियमों और गाइडलाइन के हिसाब से।

### हवाई यात्रियों को झटका! 60% फ्री...

एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। एयरलाइंस ने इस नियम को वापस लेने की मांग की थी। उनके आवेदनों में उक्त प्रविधान के परिचालन संबंधी और व्यावसायिक असर पर प्रकाश डाला गया था, जिसमें किराये की संरचनाओं पर इसका संभावित असर और मौजूदा अनियंत्रित किराया व्यवस्था के साथ इसकी अनुकूलता शामिल है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए और इस मुद्दे की पूरी जांच होने तक फैसला लिया गया है कि, कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के देने संबंधी प्रविधान को अगले आदेश तक फिलहाल टाल दिया जाए।



### पश्चिम बंगाल

# ममता की नॉन-वेज पॉलिटिक्स ने भाजपा को डाला घोर असमंजस में




एजेंसी ▶▶| कोलकाता

ममता बनर्जी अपनी रैलियों में बीजेपी के सत्ता में आने पर खाने पीने की चीजों पर पाबंदी की आशंका जता रही हैं। चुनाव कैंपेन के दौरान हाल ही में ममता बनर्जी ने अपने समर्थकों से कहा कि बीजेपी पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह मछली, मांस और अंडे खाने पर बैन लगा देगी। बीरभूम में रैली में ममता बनर्जी कह रही थीं, ये लोग (बीजेपी वाले) आपको मछली नहीं खाने देंगे... आप अंडा, मीट कुछ नहीं खा पाएंगे और न ही बांग्ला बोल पाएंगे... अगर आपने ऐसा किया तो ये लोग आपको बांग्लादेशी घोषित कर देंगे।

## संकट में घिरी भाजपा ने ऐसे किया अपना बचाव

ममता बनर्जी के हमलों को न्यूट्रलाइज करने की कोशिश में सुकांत मजूमदार ने कहा है, देखिए, ममता बनर्जी ऐसी छोटी-छोटी बातें इसलिए कर रही हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह आने वाले चुनाव हारने वाली हैं... वह डर और निराशा की वजह से ऐसा कर रही हैं... बंगाल में ज्यादातर लोग मांसाहारी खाना खाते हैं, और भारतीय जनता पार्टी के नेता भी मांसाहारी खाना खाते हैं। मजूमदार ने अपनी मिसाल देते हुए सुकांत मजूमदार कहते हैं, 'आज भी हमने मांसाहारी खाना खाया है।

## हाथ में मछली लेकर प्रत्याशी कर रहे प्रचार

बीजेपी को पश्चिम बंगाल में मांसाहार के मुद्दे पर बचाव की मुद्रा में आना पड़ा है। हालत यह हो गई है कि बीजेपी का उम्मीदवार हाथों में मछली लिए हुए घूम घूम कर वोट मांगता फिर रहा है और नतीजा यह हुआ है कि बीजेपी नेता बोल रहे हैं कि बीजेपी के सत्ता में आने पर कोई मांसाहारी ही मुख्यमंत्री बनेगा। मीट का मुद्दा बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती है। बीजेपी का बड़ा समर्थक उत्तर भारत में है, जो शाकाहार का समर्थक है। अब बंगाल के चुनावी माहौल में भी बीजेपी को डिफेंसिव होना पड़ा है।

**चुनाव परिणामों से तय होगा भूपेंद्र-जितेंद्र और सचिन पायलट का भविष्य**

# चुनाव बंगाल-केरल-असम का इम्तिहान राजस्थान के नेताओं का!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी चुनाव से सिर्फ इन राज्यों नेताओं की किस्मत फैसला होने के साथ-साथ राजस्थान के चार बड़े नेताओं के भाग्य का भी निर्णय होगा। पांच में से तीन राज्यों की चुनावी कमान राजस्थान के नेताओं के हाथ में है, जहां पर हार और जीत दोनों का श्रेय उनके हिस्से में जाएगा। राजस्थान से आने वाले बीजेपी के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पास पश्चिम बंगाल के चुनावी कमान है, जहां पर बीजेपी के कमल खिलाने का जिम्मा उन्हें मिला है। वहीं, कांग्रेस के दिग्गज नेता व पार्टी के महासचिव सचिन पायलट को केरलम चुनाव का ऑब्जर्वर बनाया है तो साथ में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य हैं। कांग्रेस के महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के पास असम का प्रभार है। इस तरह राजस्थान के चार नेताओं की किस्मत का फैसला पांच राज्यों के चुनावी नतीजे से तय होगा?


भूपेंद्र यादव


सचिन पायलट


जितेंद्र सिंह

## भूपेंद्र यादव क्या बंगाल खिला पाएंगे कमल

राजस्थान से आने वाले भूपेंद्र यादव को भाजपा का संकट मोचक कहा जाता है। महाराष्ट्र से उत्तर प्रदेश और गुजरात तक भाजपा को जिताने में अहम रोल अदा कर चुके हैं। भूपेंद्र यादव के जीत के सियासी ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए बंगाल जैसे चुनौती भरे राज्य की जम्मिदारी दे रखी है। एक तरह से देखा जाए तो भूपेंद्र यादव को बहुत मुश्किल टॉस्क मिला है अब वे इस टॉस्क को कैसे पूरा करेंगे यह उनकी रणनीति पर तय करेगा। पश्चिम बंगाल देश के उन चुनिंदा राज्यों में से एक है, जहां पर बीजेपी अभी सत्ता में नहीं आ सकी है. ममता बनर्जी पिछले 15 सालों से सूबे की सत्ता में है। बंगाल के समीकरण भी बीजेपी के अनुकूल नहीं है।

## केरल में कांग्रेस को सत्ता में ला पाएंगे पायलट और डांगी

केरलम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सचिन पायलट को सीनियर ऑब्जर्वर बना रखा है, जिसके चलते पूरे चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। यहां से पहले राहुल गांधी और अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लोकसभा सांसद हैं। सचिन पायलट के ऊपर टिकट वितरण की जिम्मेदारी रही है तो डांगी स्क्रीनिंग कमेटी होने के नाते उनकी भूमिका रही है। केरलम की चुनावी लड़ाई कांग्रेस के अगुवाई वाले यूडीएफ और लेफ्ट के नेतृत्व वाले एलडीएफ गठबंधन के बीच है। दस साल से सत्ता में यूडीएफ है और उसके खिलाफ इस बार सत्ता विरोधी लहर भी कही जा रही है। अब इस लहर का कितना फायदा ये दोनों नेता उठा पाएंगे यह भविष्य की गर्त में है।

## असम में क्या बीजेपी को रोक पाएंगे जितेंद्र सिंह

असम में कांग्रेस की कमान जितेंद्र सिंह के कंधों पर है, वो राज्य के प्रभारी हैं। दस साल से बीजेपी सत्ता में है और चुनाव ऐलान के साथ ही कांग्रेस को एक के बाद एक झटके लगे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए सत्ता के सूखा खत्म करने की जिम्मा जितेंद्र सिंह पर है। हिमंत बिस्वा सरमा के चेहरे के सहारे बीजेपी लगातार तीसरी बार असम में सत्ता की कोशिशों में है। ऐसे में क्या बीजेपी को चुनावी मात देने में जितेंद्र सिंह सफल हो पाएंगे यह उनकी रणनीति और मतदाताओं के ऊपर निर्भर है। ऐसे में असम में कांग्रेस को सत्ता में लाने में सफल नहीं होते हैं तो जितेंद्र सिंह पर सवाल खड़े होंगे? असम में कांग्रेस और बीजेपी का सीधा मुकाबाला है।

# पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके ने उड़ाई सबकी नींद जीत सकती है इतनी सीटें

**तमिलनाडु**



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में इस बार एक नया चेहरा चर्चा में है। अभिनेता से नेता बने विजय थलापति की पार्टी टीवीके पहली बार चुनावी मैदान में उतरी है और आते ही उसने राजनीतिक माहौल को बदल दिया है। लोक पाल सर्वे के मुताबिक टीवीके को 8 से 10 सीटें मिल सकती हैं। सीटों के हिसाब से यह संख्या भले कम लग रही हो, लेकिन इसका असर राजनीति पर साफ दिखाई दे रहा है। अगर वोट प्रतिशत की बात करें तो डीएमके गठबंधन को करीब 40.1 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है, जिससे वह सबसे आगे नजर आ रहा है। वहीं एआईएडीएमके और बीजेपी के गठबंधन को लगभग 29 फीसदी वोट मिल सकते हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि पहली बार चुनाव लड़ रही टीवीके को करीब 23.9 फीसदी वोट मिलने का अनुमान है।

## सीएम के लिए पहली पसंद एमके स्टालिन



मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी सर्वे में लोगों की राय सामने आई है। इसमें एमके स्टालिन सबसे आगे हैं और उन्हें 41% लोगों ने पसंद किया है। दूसरे नंबर पर एआईएडीएमके के ई पलानीस्वामी हैं, जिन्हें 24.1% लोगों का समर्थन मिला है। वहीं विजय थलापति को 27.1% लोग मुख्यमंत्री के तौर पर पसंद कर रहे हैं, जो उन्हें एक मजबूत नए नेता के रूप में दिखाता है।

# केरल खाड़ी युद्ध का असर केरलम की कम अंतर वाली सीटों पर भी

ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की चल रही जंग का सियासी असर केरलम चुनाव वोटिंग पर पड़ सकता है। इसके चलते कई सीटों सियासी उल्टफेर हो सकता है, क्योंकि मलयाली के लोग बड़ी संख्या में गल्फ में रहते हैं और जंग के चलते इस बार मतदान करने नहीं आ पा रहे हैं। दुबई, कतर, सउदी अरब, बहरीन सहित सभी खाड़ी देशों में बड़ी तादाद में मलयाली लोग हेल्थ और सर्विस सेक्टर में काम करते हैं। आम तौर पर मलयाली वोटर चुनाव के दौरान केरल आकर मतदान करते हैं। ईरान के साथ चल रही जंग के चलते फिलहाल फ्लाइट के मंहगे टिकट और जॉब पर गहराते संकट के चलते गल्फ में रहने वाले मलियाली वोटरों का इस बार आना मुश्किल है जिससे राज्य की कम अंतर से हार जीत वाली सीटों का गेम बदल सकता है।



## केरलम की 50 सीटों पर एनआरआई वोटर अहम

केरलम के तकरीबन 22 लाख लोग गल्फ के अलग-अलग देशों में रहते हैं जो इस बार नहीं आ पा रहे हैं। कन्नूर से पलक्कड़ तक फैली 50 विधानसभा सीटों पर प्रवासी वोटर्स हमेशा महत्वपूर्ण रोल अदा करते रहे हैं। इनके वोटिंग पैटर्न से कई नेताओं की किस्मत बुलंद होती है तो कई का गेम बिगड़ जाता है। केरल की 140 सीटों में से 50 सीटों पर सियासी गेम खराब होने से सत्ता का पूरा समीकरण बदल सकता है।

# 23 फीसदी उम्मीदवारों का क्रिमिनल बैकग्राउंड, 38 पर गंभीर आरोप

**पुडुचेरी**

पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भिड़ रहे 294 उम्मीदवारों में 23 फीसदी यानी 66 उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं। एडीआर और पुडुचेरी इलेक्शन वॉच ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामों का अध्ययन कर कई चौंकाने वाली और रोचक जानकारी शेयर की है। नामांकन भरने वाले 294 में से 291 प्रत्याशियों के हलफनामे की जांच के दौरान पाया गया कि राष्ट्रीय पार्टियों के 34, राज्य स्तरीय क्षेत्रीय पार्टियों के 63, रजिस्टर्ड लेकिन गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों के 80 और सबसे ज्यादा 117 इंडिपेंडेंट उम्मीदवार हैं. आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 66 उम्मीदवारों में से 38 यानी 13 फीसदी गंभीर श्रेणी के अपराधों के आरोपी हैं।

**बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा**

पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में इस बार पूर्ण राज्य और बेरोजगारी सबसे अहम मुद्दों के रूप में उभरकर सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि राज्य में शिक्षा के पर्याप्त संस्थान होने के बावजूद, डिग्री हासिल करने के बाद भी युवाओं को अपेक्षित रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जिससे निराशा बढ़ रही है। डीएमके विधायक सेंथिल कुमार का कहना है कि, आज के युवा 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की सैलरी वाली नौकरियां चाहते हैं, लेकिन यहां सीमित और छोटे स्तर के रोजगार ही उपलब्ध हैं। कांग्रेस ने भी अपने मेनिफेस्टो में नौकरी का पूरा रोडमैप देने का दावा किया है।

# अमेरिका ने दवाओं पर लगाया 100% टैरिफ

**नई दिल्ली।** ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और विवादित कदम उठाया है। उन्होंने अमेरिका में आयातित ब्रांडेड दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने स्टील और एल्यूमिनियम जैसी धातुओं के आयात से जुड़े नियम भी सख्त कर दिए हैं। ट्रंप ने इन दोनों फैसलों से जुड़े कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। घोषणा में प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के लिए अलग-अलग शुल्क दरों का भी उल्लेख है। ट्रंप प्रशासन ने आयातित स्टील, एल्यूमीनियम और तांबे पर 50 प्रतिशत टैरिफ से जुड़े नियम बदले हैं। अब इन धातुओं और उनके मिश्रित उत्पादों के लिए टैरिफ पूरी कीमत पर लागू होगा। जिन उत्पादों में 15 प्रतिशत से कम धातु है, उनके लिए देश-विशेष टैरिफ लागू होंगे। जिन उत्पादों में धातु 15 प्रतिशत से ज्यादा है, उन पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।



## इन देशों पर लगेगा कम शुल्क

*यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया और स्विट्जरलैंड से आयात पर लगभग 15 प्रतिशत का कम शुल्क लगेगा, जबकि अनाथ दवाएं, परमाणु दवाएं और जीन थेरेपी जैसी कुछ विशेष श्रेणियां इस शुल्क से मुक्त रहेंगी। फिलहाल जेनेरिक दवाओं और बायोसिमिलर्स को इस शुल्क व्यवस्था से बाहर रखा गया है।*

## ब्रांडेड दवाओं पर लगेगा 100 प्रश. टैरिफ

नए आदेश के तहत, 31 जुलाई, 2026 से अमेरिका में आयात होने वाली पेटेंटेड ब्रांडेड दवाओं पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा। ये टैरिफ उन दवाओं पर लगेगा, जो अमेरिका में नहीं बनती हैं और इन्हें बनाने वाली कंपनियों का अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं है। इसका उद्देश्य अमेरिका में दवाओं की आसमान छूती कीमतों को कम करना और देश के भीतर ही दवा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

## खास शर्तें मानने पर कंपनियों को मिलेगी छूट

ट्रंप प्रशासन का कहना है कि टैरिफ से बचने के लिए कंपनियों को दवाओं का उत्पादन अमेरिका में करना होगा या सरकार के साथ खास समझौता करना होगा। जो कंपनियां टैरिफ से बचना चाहती हैं, उन्हें 120 दिनों के भीतर अपनी कार्ययोजना पेश करनी होगी। छोटी और मध्यम स्तर की कंपनियों के लिए ये समयसीमा 180 दिन है। कोई कंपनी अमेरिका में प्लांट लगाने का वादा करती है, तो उस पर फिलहाल 20 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।

# दिल्ली की इमारत में लगी आग, चार लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के यमुनाविहार इलाके में एक आवासीय इमारत में आग लग गई, हालांकि इसमें फंसे दो बच्चों सहित चार लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, मोहनपुरी इलाके की एक इमारत में आग लगने की सूचना अपराह्न लगभग तीन बजकर 50 मिनट पर मिली, जिसके बाद तुरंत दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस बचाव अभियान के दौरान इमारत से सलमान (24), उनकी बेटी हिबजा (3), बेटा हनिमजा (2) और जज़ीना (50) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

**बालको नगर जोन**

फा.क्र./2200, 2201 एवं 2205 / निर्माण (बालको नगर जोन) / 2025-26/ कोरबा, दिनांक 27.03.2026

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु प्रथम नैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 22.04.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 22.04.2026 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रू में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 43 सेक्टर-03 में गौरी शंकर मंदिर के पास कम्यूनिटी हॉल का विकास कार्य। (पार्षद मद) | 7,00,000/- | 5300/- | 750/- | Form-A | 04 माह | सक्षम श्रेणी | 22.04.2026 |
| 2 | वार्ड क्र. 40 बालको भदरापारा में बरगद चौक के पास आर.सी.सी. छतदार सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य। (विधायक मद) | 5,00,000/- | 5000/- | 750/- | Form-A | 04 माह | सक्षम श्रेणी | 22.04.2026 |
| 3 | वार्ड क्र. 45 परसाभाठा, कांजी हाऊस के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य। (विधायक मद) | 5,00,000/- | 5000/- | 750/- | Form-A | 04 माह | सक्षम श्रेणी | 22.04.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

*// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //*

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**


## राशिफल

**मेष** — आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें मेहनत से सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**वृष** — आज स्थिरता और व्यावहारिक सोच का दिन है। करियर में प्रगति के अवसर आएंगे। परिवार के साथ समय बिताने से शांति मिलेगी। पाचन का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आज संचार और बुद्धिमत्ता से सफलता मिलेगी। नौकरी या व्यापार में अच्छे प्रस्ताव आएंगे। छोटी यात्रा लाभदायक साबित होगी।

**कर्क** — भावनाओं पर नियंत्रण रखें। घरेलू मामलों में सुधार होगा, परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन तनाव न लें।

**सिंह** — नेतृत्व क्षमता दिखाने का उत्तम दिन। कार्यक्षेत्र में तरक्की और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**कन्या** — मेहनत और जिम्मेदारियों से भरा दिन। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, सराहना मिलेगी। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला** — संतुलन और सौंदर्य का प्रभाव रहेगा। करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, नियमित व्यायाम शामिल करें।

**वृश्चिक** — गहन सोच और रहस्यमयी गतिविधियों का दिन। कार्य में गुप्त सहयोग से लाभ हो सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। स्वास्थ्य में लापरवाही न करें।

**धनु** — भाग्यशाली दिन साबित होगा। यात्रा या नई योजनाएं सफल होंगी। करियर में उन्नति के योग हैं। आर्थिक सुधार होगा। प्रेम जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य, नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**कुंभ** — नए विचार और रचनात्मकता से लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक लाभ संभव, निवेश सोचकर करें। प्रेम में रोमांच रहेगा।

**मीन** — अंतर्मुखी और भावनात्मक दिन रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में सुधार के संकेत हैं। मानसिक संतुलन बनाए रखें।

# मालदा कांड का मास्टरमाइंड एयरपोर्ट से पकड़ाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मालदा में हुई हिंसा में मुख्य आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को गिरफ्तार किया जा चुका है। उसे तब पकड़ा गया, जब वह सिलीगुड़ी के पास बागडोगरा एयरपोर्ट पर भागने की फिराक में पहुंचा था। मोफक्करुल के साथ ही अन्य 35 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है जो इस घटना में शामिल रहे। इस गिरफ्तारी के बाद अब बीजेपी मोफक्करुल का कनेक्शन तृणमूल कांग्रेस से होने का आरोप लगा रही है। बीजेपी का आरोप है कि ऐसे लोगों के इस तरह पकड़े जाने से इकोसिस्टम पर गंभीर सवाल उठते हैं।

### टीएमसी से निकला कनेक्शन




## कौन है हिंसा का आरोपी मोफक्करुल इस्लाम

बता दें कि मोफक्करुल इस्लाम बंगाल में एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। इस्लाम ने 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में इताहार निर्वाचन क्षेत्र से इसी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। जांच में यह भी पता चला है कि हालिया सुजापुर और कालियाचक के विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व भी उसने ही किया था। पेशे से वकील इस्लाम को कानून का अच्छा जानकार माना जाता है।

## टीएमसी नेता के आचरण पर उठाए सवाल

भाजपा के आईटी सेल इंचार्ज अमित मालवीय ने एक तस्वीर ट्वीट करते हुए आरोप लगाया है कि मोफक्करुल इस्लाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी कल्याण बनर्जी के साथ देखा जा चुका है। मालवीय ने कहा कि इससे उस 'इकोसिस्टम' (माहौल) पर गंभीर सवाल उठते हैं जो ऐसे लोगों को बढ़ावा देता है।

## शब्द पहेली - 6185




**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6184 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6195

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6194 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

**खबर संक्षेप**

### बजाज ऑटो की बिक्री 20% बढ़कर 4,45,377 इकाई



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड की मार्च में कुल बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 4,45,377 इकाई हो गई। मार्च 2025 में यह 3,69,823 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मार्च में घरेलू बाजार में कुल बिक्री 2,66,290 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,21,474 इकाई थी।

### सेनको गोल्ड को राजस्व में 30 फीसदी उछाल की उम्मीद



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कंपनी 'सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स' को वित्त वर्ष 2025-26 में अपना कुल राजस्व 8,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचने और शुद्ध मुनाफा दोगुना होने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुवांकर सेन ने बताया कि राजस्व में यह उछाल सालाना आधार पर लगभग 30 प्रतिशत अधिक होगा।

### गॉडियम आईवीएफ की एआई के इस्तेमाल की पेशकश



**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी है। बयान के मुताबिक, इस उपचार के तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को नियमित इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है।

### डब्ल्यूसीएल ने 6.3 करोड़ टन कोयले का किया उत्पादन



**नागपुर।** नागपुर स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, डब्ल्यूसीएल ने 6.3 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और छह करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की।

### चुनौतियों के बावजूद निर्यात में वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के निर्यात ने मजबूत गति बनाए रखी और वित्त वर्ष 2025-26 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। वाणिज्य मंत्रालय मार्च महीने और समूचे वित्त वर्ष 2025-26 के निर्यात-आयात के आंकड़े 15 अप्रैल को जारी करेगा। अधिकारी ने कहा, '' 31 मार्च तक, युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद हम वर्ष का समापन सकारात्मक वृद्धि के साथ करेंगे। अमेरिकी शुल्क, पूरे साल पेश हुईं कई बाधाओं, यूक्रेन युद्ध के जारी रहने, ईरान युद्ध शुरू होने.. इन सभी के बावजूद वस्तु निर्यात ने अपनी गति बनाए रखी है।''

### गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को बाजार रहें बंद

**मुंबई।** 'गुड फ्राइडे' के उपलक्ष्य में भारतीय शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार शुक्रवार को बंद रहे। बाजार में कोई कारोबारी गतिविधियां नहीं हुईं। रोज की तरह शनिवार को बाजार में होगा कामकाज।

### नेमेटशेक ने किया पिनेकल इंफोटेक के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** निर्माण क्षेत्र को सॉफ्टवेयर समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी नेमेटशेक ग्रुप ने भारत में उन्नत डिजिटल इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए पिनेकल इन्फोटेक सॉल्यूशंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# आरबीएल का बिक गया 74 फीसदी हिस्सा, आरबीआई ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इससे यह बैंक, विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

■ अब आरबीएल विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा

आरबीएल बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने यह मंजूरी एक अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दूसरे सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का प्रस्ताव पेश किया था जिसके बाद यह मंजूरी दी गई।

## दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने खरीदी हिस्सेदारी

### बैंक का कुल मतदान अधिकार 26 फीसदी तक सीमित रहेगा

*बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 12(2) के तहत ईएनबीडी के मताधिकार को आरबीएल बैंक के कुल मतदान अधिकारों के 26 प्रतिशत तक सीमित रखा जाएगा। एनबीडी को 'सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस' की शर्त से अस्थायी छूट दी गई है जब तक कि भारत में उसकी शाखाओं का आरबीएल बैंक के साथ विलय नहीं हो जाता या अधिकतम एक वर्ष की अवधि पूरी नहीं हो जाती।*




### विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान होंगे लागू

आरबीआई ने कहा कि ऐसे बैंक पर पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान लागू होंगे। हालांकि निदेशक मंडल बैठकों में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की शर्त इस पर लागू नहीं होगी।

*आरबीआई ने नहीं जताई आपत्ति : बैंक को अपने 'आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेने को कहा गया है और बैंक इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा। आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अधीन ईएनबीडी को आरबीएल बैंक का प्रवर्तक वर्गीकृत करने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई है।*

### ईएनबीडी को 51 फीसदी हिस्सा बनाए रखना होगा

मंजूरी पत्र के अनुसार, एमिरेट्स एनबीडी (ईएनबीडी) को आरबीएल बैंक की चुकता पूंजी का कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखना होगा। इसके बाद बैंक को सब्सिडी मॉडल के तहत विदेशी बैंक के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जिसमें निवेशक, मूल विदेशी बैंक होगा।

*मंजूरी लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी*
*आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह मंजूरी भारत सरकार से 49 प्रतिशत से अधिक निवेश के लिए आवश्यक स्वीकृति, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999, सेबी नियमों तथा अन्य लागू नियमों के अनुपालन के अधीन होगी।*

## मिडिल ईस्ट संकट से वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ गई अस्थिरता

# रूस ने भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है।

घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बृहस्पतिवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले।

### बैठक में तेल व गैस के सहयोग पर विशेष ध्यान

रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नयी दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। बयान में कहा गया, ''डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है।''




■ दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जताई सहमति
■ रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस ने की डोभाल व जयशंकर से चर्चा
■ डेनिस, प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री सीतारमण से भी मिले

### रूस उर्वरकों में भारत की जरूरत पूरी करने तैयार

इस बैठक की सह-अध्यक्षता मंतुरोव और जयशंकर ने की। रूस के बयान के अनुसार, परस्पर लाभकारी व्यापार, निवेश एवं औद्योगिक सहयोग का विस्तार बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल था। मंतुरोव ने कहा कि 2025 के अंत तक रूस ने भारत को उर्वरकों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत वृद्धि की है और वह आगे भी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।

### दुनिया का 20 प्रतिशत परिवहन होर्मुज के रास्ते

फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी के परिवहन को संभालता है। पश्चिम एशिया भारत के लिए भी ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत रहा है। दोनों देशों के बीच भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक में भी द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### आवागमन अवरुद्ध होने से तेल व गैस की कीमतें बढ़ी

यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान युद्ध के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण पश्चिम एशिया संकट वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव डाल रहा है। जलडमरूमध्य के रास्ते आवागमन लगभग अवरुद्ध हो जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस कीमतों में तेज वृद्धि हुई है।

### एलपीजी आपूर्ति स्थिर : इंडियन ऑयल

*देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कंपनी बयान के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति जारी है। आईओसी ने बताया कि करीब 87 प्रतिशत 'रीफिल बुकिंग' डिजिटल माध्यमों से की जा रही हैं।*

# ईरान युद्ध का सूरत के कपड़ा केंद्र पर बुरा असर काम के दिन घटाए गए

एजेंसी ⏭ सूरत



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गुजरात के कपड़ा केंद्र सूरत में लागत बढ़ने का असर अब महसूस होने लगा है।

कई इकाइयों ने या तो अपने रोजाना काम करने के घंटे कम कर दिए हैं या फिर अपने उत्पादन के सक्रिय दिन घटा दिए हैं। कुछ पदाधिकारियों ने दावा किया कि उद्योग को इस समय रोजाना लगभग 100 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सूरत शहर भारत में मानव निर्मित कपड़े के उत्पादन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। साउथ गुजरात टेक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने बढ़ती लागत को नियंत्रित करने के लिए इन इकाइयों के काम करने के दिनों को सात से घटाकर हफ़्ते में पांच दिन करने का फैसला किया है। संघ के अध्यक्ष जितेंद्र वक्तानिया ने यह जानकारी दी।

■ उद्योग को इस समय रोजाना 100 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा
■ सूरत मानव निर्मित कपड़े के उत्पादन के सबसे बड़े केंद्रों में से एक

उन्होंने कहा, ''कच्चे माल और कोयले की बढ़ती कीमतों के कारण, सूरत और दक्षिण गुजरात का कपड़ा प्रसंस्करण उद्योग संकट का सामना कर रहा है। फेडरेशन ऑफ गुजरात वीवर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और सदर्न गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष अशोक जिरावाला ने बताया कि कई इकाइयों ने अपने उत्पादन चक्र को भी 24 घंटे से घटाकर 12 घंटे प्रतिदिन कर दिया है, जिससे कुल उत्पादन पर असर पड़ा है।

### उद्योग को पटरी पर लौटने में लगेंगे दो से तीन महीने

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंपालाल बोथरा ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय संकट से पहले, उद्योग रोजाना लगभग सात करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन करता था। लेकिन अब उत्पादन घटकर लगभग आधा रह गया है। उन्होंने कहा कि संघर्ष शांत होने और धागे की कीमतों तथा श्रमिकों की उपलब्धता जैसे कारकों के स्थिर होने के बाद भी उद्योग को पटरी पर लौटने में दो से तीन महीने लग सकते हैं।

# जिनकुशल ज्वेलर्स में हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी पर सिर्फ 4% मेकिंग चार्ज का धमाकेदार ऑफर



**रायपुर।** सत्ती बाजार चौक स्थित जिनकुशल ज्वेलर्स ने छत्तीसगढ़वासियों के लिए किफायती और भरोसेमंद ज्वेलरी खरीद को बढ़ावा देने हेतु विशेष ऑफर पेश किया है। वर्ष 1992 से संचालित इस प्रतिष्ठान ने अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता के दम पर ग्राहकों के बीच खास पहचान बनाई है। संस्थान के संचालक पंकज जैन और भरत जैन ने बताया कि हॉलमार्क 916 ऑल येलो ज्वेलरी पर मात्र 4 प्रतिशत मेकिंग चार्ज का विशेष ऑफर दिया जा रहा है। इस कलेक्शन में चेन, चूड़ी, कड़े, नेकलेस, रानीहार, पेंडल सेट, अंगूठियां, झुमके, कनौती और बिंदियां शामिल हैं, जो ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह ऑफर विशेष रूप से मध्यम वर्गीय परिवारों को ध्यान में रखकर लाया गया है, ताकि बढ़ती सोने की कीमतों के बीच भी लोग अपनी जरूरतों विशेषकर बेटियों की शादी के लिए आसानी से खरीदारी कर सकें। ज्वेलर्स में गोल्ड, डायमंड और सिल्वर ज्वेलरी पूरी तरह हॉलमार्क में उपलब्ध है। साथ ही सोने-चांदी के सिक्के और 97 प्रतिशत हॉलमार्क वाले चांदी के बर्तन भी यहां मिलते हैं।

ग्राहकों की सुविधा के लिए पुरानी ज्वेलरी एक्सचेंज की भी सुविधा है, जिसमें पुराने सोने को परीक्षण के बाद 24 कैरेट के भाव में लिया जाता है। इसके अलावा किस्तों में खरीदारी के लिए 'महाबचत योजना' भी चलाई जा रही है, जिसमें आकर्षक बोनस, ज्वाइनिंग गिफ्ट और क्रेडिट सुविधा दी जा रही है। संचालकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस ऑफर का लाभ उठाने की अपील की है।

# हिंदुस्तान जिंक का खनन व परिष्कृत धातु उत्पादन बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) का खनन एवं परिष्कृत धातु का उत्पादन वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में बढ़ा जबकि चांदी के उत्पादन में मामूली गिरावट दर्ज की गई। जनवरी-मार्च (चौथी तिमाही) में खनन धातु उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 3,15,000 टन हो गया, जबकि परिष्कृत धातु उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़कर 2,82,000 टन रहा। खनन धातु उत्पादन से तात्पर्य पृथ्वी से कच्चे अयस्क को निकालकर ऐसा संकेंद्रित पदार्थ तैयार करना है, जिसमें कुछ अशुद्धियां होती हैं। इसके बाद परिष्कृत धातु उत्पादन की प्रक्रिया में शुद्धिकरण कर धातु की शुद्धता 99 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाई जाती है, ताकि इसे औद्योगिक उपयोग के लिए तैयार किया जा सके। कंपनी ने बयान में कहा कि चौथी तिमाही में चांदी का उत्पादन 0.2 प्रतिशत घटकर 176 टन रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 177 टन था।

■ चांदी उत्पादन में मामूली गिरावट
■ चौथी तिमाही में उत्पादन दो प्रतिशत बढ़ा



*दुनिया की सबसे बड़ी जस्ता उत्पादक कंपनी*
*इसके अलावा, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का पवन ऊर्जा उत्पादन 11 प्रतिशत घटकर 5.6 करोड़ यूनिट रह गया, जो एक साल पहले 6.3 करोड़ यूनिट था। हिंदुस्तान जिंक दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक कंपनी है और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में शामिल है। कंपनी 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है। भारत के प्राथमिक जस्ता बाजार में इसकी करीब 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है।*

# मारुति 2031 तक 8000 सर्विस टचप्वाइंट करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी अपने सर्विस नेटवर्क को वित्त वर्ष 2030-31 तक बढ़ाकर लगभग 8,000 टचपॉइंट तक पहुंचाने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 502 नए सर्विस टचपॉइंट्स जोड़े गए हैं। ताकेउची ने कहा, हमारे ग्राहक देशभर में फैले हुए हैं और उनकी जरूरतें लगातार बदल रही हैं। ऐसे में हम अपने सर्विस टचपॉइंट्स का विस्तार और नवाचार कर रहे हैं। वर्तमान में हमारे पास 5,926 टचपॉइंट्स हैं और हम वित्त वर्ष 2030-31 तक इसे बढ़ाकर करीब 8,000 करने का लक्ष्य रखते हैं।

# सोना, चांदी की कीमतें रहीं अपरिवर्तित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम रहने से चांदी और सोने की कीमतें स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर अपरिवर्तित रही।

इसी तरह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) पर स्थिर बनी रही।



■ चांदी 2,37,000 और सोना 1,51,500 रुपए पर रहा अपरिवर्तित

सर्राफा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में ही रहीं, क्योंकि वैश्विक बाजारों से कोई नया संकेत नहीं मिला।

**वैश्विक बाजार गुड फ्राइडे पर रहे बंद**

वैश्विक बाजार 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बंद थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम होने के कारण भी कीमतें स्थिर रहीं। बाजार के प्रतिभागी अब सर्राफा की कीमतों में आगे की दिशा जानने के लिए विदेशी बाजारों के फिर से खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

## टैफे की ट्रैक्टर बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 23% बढ़ी



**नई दिल्ली।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे) की वित्त वर्ष 2025-26 में कुल ट्रैक्टर बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,14,951 इकाई हो गई। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टैफे ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1,74,785 ट्रैक्टर की बिक्री की थी। कंपनी ने कहा कि मार्च 2026 में 37.4 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि के साथ उसने वित्त वर्ष का समापन मजबूत तरीके से किया। टैफे ने यह भी बताया कि उसके दोनों ब्रांड मैसी फर्ग्यूसन और आयशर ट्रैक्टर्स ने बीते वित्त वर्ष में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी की वाइस चेयरमैन लक्ष्मी वेणु ने कहा कि यह साल ट्रैक्टर बाजार और देशभर के किसानों, दोनों के लिए बहुत सकारात्मक रहा।

## एचएसबीसी ने कहा, तेल 100 डॉलर से ऊपर रहने पर संभव

# खुदरा महंगाई छह प्रतिशत से अधिक होने के आसार

एजेंसी ⏭ मुंबई

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बने रहने पर खुदरा महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय दायरे की ऊपरी सीमा है और इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है। विदेशी ब्रोकरेज एचएसबीसी ने यह अनुमान जताया है।

■ इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है

एचएसबीसी के अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में अपने विश्लेषण के आधार पर कहा कि यदि कच्चे तेल की कीमतों का औसत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रहता है, तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर छह प्रतिशत से नीचे बनी रह सकती है।

### रुपए को संभालने लेना होगा ब्याज दरों का सहारा

रिपोर्ट कहती है, ''रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों का सहारा लेना महंगा पड़ सकता है, क्योंकि तेल की ऊंची कीमतों के साथ आर्थिक वृद्धि पर दबाव तेजी से एवं असमान रूप से बढ़ सकता है।''

### ब्याज दरों में बढ़ोतरी संभव

अर्थशास्त्रियों ने कहा, ''यदि तेल की कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो महंगाई दर छह प्रतिशत से अधिक हो सकती है और इससे ब्याज दरों में संभवतः बढ़ोतरी करनी पड़ सकती है।



### राजकोषीय घाटा पिछले वित्त वर्ष के आसपास रखना होगा

रिपोर्ट में 'तटस्थ' रुख का मतलब स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2025-26 के स्तर के आसपास बनाए रखा जाए और पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर इस घाटे को नियंत्रित करने में मदद ली जाए।

### मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले अटकलें

अगले बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या आरबीआई डॉलर के मुकाबलो रुपये को संभालने के लिए ब्याज दरों के साधन का इस्तेमाल करेगा। इस रिपोर्ट में ऐसे कदम से जुड़े जोखिमों का भी उल्लेख किया गया है।


### आपूर्ति की स्थिति अभी सामान्य नहीं

अर्थशास्त्रियों ने सुझाव दिया कि फिलहाल मौद्रिक एवं राजकोषीय दोनों मोर्चों पर 'तटस्थ' रुख अपनाया जाना चाहिए, क्योंकि आपूर्ति की स्थिति अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है और मांग को बढ़ावा देने से महंगाई बढ़ सकती है।

### आघात कुछ और सप्ताह जारी रहा तो प्रभाव अधिक होगा

इसके साथ ही रिपोर्ट कहती है कि ऊर्जा क्षेत्र का यह आघात अगर कुछ और सप्ताह तक जारी रहता है, तो इससे आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाला दबाव महंगाई के प्रभाव से अधिक हो सकता है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 10.29 अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 27 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह में कुल भंडार 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.34 अरब डॉलर रहा था। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय : शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

# 11 हजार से अधिक संदिग्ध, 2163 मृत मिले इनके खातों में भी ट्रांसफर हो रही थी राशि

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत किसानों को जारी होने वाली राशि में प्रदेश के कई जिलों में फर्जीवाड़ा हुआ है। रायपुर जिले में भी इस योजना के तहत बड़ी संख्या में अपात्र किसानों के साथ ऐसे किसानों के खातों में भी यह राशि ट्रांसफर की जा रही थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। कृषि विभाग रायपुर कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के अन्य जिलों की तरह रायपुर जिले में भी इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में 11 हजार से अधिक संदिग्ध किसानों का पता चला है, जिनमें अब तक जांच में 1310 अपात्र किसानों के नाम उजागर हुए हैं। इसके अलावा 2 हजार से अधिक किसानों की मृत्यु हो चुकी है। सूत्रों से पता चला है कि इसके बाद भी उनके नाम पर खुले बैंक खातों में योजना की राशि जा रही थी। इन सभी मृतकों के नाम अब पोर्टल से हटवा दिए गए हैं, जिससे राशि ट्रांसफर होना बंद हो गई है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत कुल 92518 किसान पंजीकृत हैं। इन किसानों के लिए हाल ही में केंद्र सरकार ने 22वीं किस्त जारी की है। इसके तहत जिले में पंजीकृत किसानों के लिए 18 करोड़ 71 लाख रुपए की राशि जारी भी की गई। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो गई। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद जिले में पंजीकृत किसानों में अपात्र तथा जिनकी मृत्यु हो चुकी है, ऐसे किसानों की जांच की जा रही है। विभाग की प्रारंभिक जांच में कुल 2163 किसान ऐसे मिले हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है।

# माशिमं ने कहा-उत्तीर्ण करवाने हम नहीं मांग रहे पैसे, इस तरह के फोन कॉल फर्जी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नोटिस जारी कर रहा है कि उनके द्वारा किसी भी छात्र को परीक्षा में उत्तीर्ण करवाने किसी तरह के फोन कॉल नहीं किए जा रहे हैं। मंडल ने जारी अधिसूचना में कहा, बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के उपरांत वर्तमान में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। पूर्व वर्ष 2024 एवं 2025 में बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिए छात्रों और पालकों को फर्जी फोन कॉल आये थे। फर्जी कॉलर व्दारा परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए पैसों की अनुचित मांग की गई थी। यदि बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिये छात्रों एवं पालकों को किसी भी प्रकार का फर्जी फोन कॉल आते हैं तो उसे ध्यान न देते हुए अनावश्यक किसी प्रकार का लेन-देन की कार्यवाही न करें तथा उक्त फर्जी कॉल के संबंध में अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करें। इस प्रकार के फर्जी कॉल का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से कोई संबंध नहीं है। अतः छात्र व अभिभावक फर्जी कॉल से भ्रमित न हो एवं सतर्क रहें।

## 16 मार्च से प्रारंभ हुआ है मूल्यांकन

10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकओं का मूल्यांकन 16 मार्च से प्रारंभ कर दिया गया है। प्रथम चरण का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। अब द्वितीय चरण का मूल्यांकन जारी है। शुरुआत में हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रथम चरण में किया गया, जबकि बाद में हुई परीक्षाओं का मूल्यांकन दूसरे चरण में किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में 33 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी के प्रो.जेएन पांडेय और दानी गर्ल्स स्कूल में कॉपियां जांची जा रही हैं। परीक्षा केंद्र में शिक्षकों द्वारा पर्स, फोन सहित सभी प्रकार के वस्तुएं ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## लीक हुआ था हिंदी का पर्चा

माशिम की परीक्षाएं इस वर्ष विवादों में रही है। बारहवीं कक्षा के हिंदी विषय के प्रश्न परीक्षा से एक दिन पहले ही व्हॉट्सऐप और इंस्टाग्राम पर वायरल हो गए थे। इसके बाद माशिम ने थाने में इसकी शिकायत की थी। यह परीक्षा अब रद्द कर दी गई है। जारी किए गए नए शेड्यूल के अनुसार अब 10 अप्रैल को हिंदी विषय की पुनः परीक्षा आयोजित



शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362 कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- Srijan Alloys & Steel Pvt. Ltd. बिलासपुर (सिलपहरी) उपलब्ध पद B.Sc/ B.Com (फ्रेशर एवं अनुभवी), स्टोर कीपर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, लेथ ऑपरेटर (अनुभव उवर्ष से अधिक) सम्पर्क करें- एचआर विभाग 9301548687 (40455)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं माल निकालने, पैकिंग कार्य हेतु युवक युवती की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री गुरुकृपा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल काम्पलेक्स 930135 7092 (40447)

आवश्यकता है- टेलीकॉलर फीमेल- 2पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर-1 पद ऑफिस बॉय की आवश्यकता है अपना बायोडाटा भेजें 6263077177, 7805884040 (40432)

आवश्यकता है- कोनी एवं अशोक नगर बिलासपुर हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन 10500 ड्यूटी 12 घंटे, तीन फोटो एवं आधार कार्ड सहित तत्काल सम्पर्क करें- 8109314893, 9926683722 (40449)

आवश्यकता है- (1) पैकिंग कार्य हेतु लड़कों (2) साफ सफाई हेतु लड़कियों (3) ई-रिक्शा ड्राइवर (4) कम्प्यूटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- भारत बैग हाउस मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (40451)

आवश्यकता है- थोक आलू प्याज दुकान में मैन्युअल अकाउंट एवं सामान्य कार्य हेतु युवक (20-30 वर्ष), कार्य समय सुबह 9 से रात्रि 8बजे आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 9300328370 (40452)

आवश्यकता है- कोरियर आफिस में शिक्षित कम्प्यूटर जानकार लड़की चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सिर्फ काम के इच्छुक बायोडाटा सहित आफिस आकर सम्पर्क करें- डीटीडीसी कोरियर, कृष्णा नेत्रालय के सामने, सीएमडी कालेज के पास, लिंक रोड बिलासपुर 9340092315 (40446)

आवश्यकता है- अनुभवी हिन्दी टाइपिस्ट, आया (दीदी) एवं सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- मॉडर्न एजूकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड सरकण्डा बिलासपुर 9109139971, 9301275222 (40433)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल दुकान में माल निकालने एवं कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारती इलेक्ट्रीकल, वृन्दावन परिसर के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9641114111 (40448)

आवश्यकता है- गोड़पारा स्थित घर में काम करने हेतु एक लड़की या तलाकशुदा महिला की आवश्यकता है जिनके बच्चा नहीं हो। घर में रहना, खाना सेलरी। अपना आधार कार्ड व्हाट्सएप करें- 8103072149 (40457)

Required - Two Office staffs for TDS and Bank Audit Qualification- B.Com and above (English medium compulsory) Salary based on qualification and skill Contact- M/s Sushil & Surendra (Chartered Accountants) Shrikant Verma Marg, Bilaspur 9589009993 Email- casurendra@yahoo.co.in (40418)

आवश्यकता है- बिलासपुर, सरकंडा, पुराना बस स्टैण्ड, कोनी, सिरगिट्टी, परसदा, तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 95893 16942 (40450)

आवश्यकता है- ई-ऑटो वर्ल्ड, महाराणा प्रताप चौक में कार्य करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर-2, हाउस कीपिंग स्टाफ-3, कार ड्राइवर-2, कमर्शियल ड्राइवर-2, थ्रीव्हीलर मैकेनिक-2 , हेल्पर-2 की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8602735319, 83193 41653 (40454)

आवश्यकता है- Zee Guard सोलर कंपनी को Sales Manager, फिल्ड ऑफिसर, सोलर लगाने हेतु आपरेटर, हेल्फर एवं एक Office Boy (Peon) की आवश्यकता है । वेतन 10000 से 35000 सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, अग्रसेन चौक, बिलासपुर 6269222001, 8085045559 (40456)

आवश्यकता है- फर्नीचर काम के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है स्वयं की बाइक एवं मोबाइल अनिवार्य चांपा या जांजगीर क्षेत्र और तखतपुर या मुंगेली क्षेत्र के लोग सम्पर्क करें- 9300350334 (40420)

आवश्यकता है
आया बाई (हॉस्पिटल एवं घरेलु कार्य हेतु)
नर्सिंग स्टॉफ
काउन्टर स्टॉफ
अग्रवाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल
मगरपारा रोड, बिलासपुर
संपर्क करें:- सुबह 11 से 01 बजे तक
07752-226296, 402543

आवश्यकता है- Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 रहना, खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (40412)

आवश्यकता है- बुधवारी बाजार स्थित नये ज्वेलरी शोरूम में बिलिंग और सेल्स हेतु अनुभवी स्टाफ की अतिशीघ्र आवश्यकता है आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी ही सम्पर्क करें- 9179999901, 99933 00448 (40436)

आवश्यकता है- छड़, सीमेन्ट दुकान में मार्केटिंग सेल्स हेतु अनुभवी सेल्समैन, टेली जानकार कम्प्यूटर ऑपरेटर, ऑटो, पीकप, माजदा ड्राइवर, लेबर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- लवली ट्रेडर्स, कोनी बिलासपुर 9329777750, 99932 58065 (40434)

आवश्यकता है- (M/F) अकाउंटेंट सुपरवाइजर, हेल्पर (समय 10.30 से 8) चाहिए सैलरी योग्यता अनुसार अनुभव 2वर्ष सम्पर्क करें- Farmers Pride नेचर सिटी गेट से 200 मीटर आगे, सकरी रोड उसलापुर 91792 94949, 7225849081 (40438)

आवश्यकता है- कंस्ट्रक्शन साइट में ईमानदार चौकीदार की आवश्यकता है, परिवार वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9303159900, 70007 84237 (40440)

आवश्यकता है- फैक्ट्री में फुल टाइम माल लोडिंग, अनलोडिंग हेतु शारीरिक रूप से स्वस्थ 18 से 40वर्ष के लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीशारदा इंडस्ट्रीज इंडस्ट्रीयल एरिया तिफरा बिलासपुर 78699 19759 (40443)

आवश्यकता है- डेंटल क्लीनिक में फुल टाइम/ हाफ टाइम कार्य करने हेतु लड़कियों की sssआवश्यकता है। सम्पर्क करें- शांति डेंटल केयर, गुरुद्वारा के पास, मेन रोड, दयालबंद बिलासपुर 81095 18000 (40407)

आवश्यकता है- होटल में झाडू पोछा बर्तन धोने हेतु बाई-2, रुम साफ, सफाई हेतु लड़के-2 चाहिए रहने, खाने की सुविधा। पता- थर्ड फ्लोर लिफ्ट नं-2, नारायण प्लाजा लिंक रोड बिलासपुर 93028 55022, 7828038905 (40439)

आवश्यकता है- टूव्हीलर शोरूम में काम के लिए सेल्स गर्ल-2, टेक्नीशियन- 1, वॉशिंग बॉय-2 की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- हीरो उर्मिला मोटर्स बेलगहना रोड कोटा 9340252857 (40435)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु सेल्समैन, दुकान में माल निकालने, पैकिंग हेतु लड़के चाहिए बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जयदेव मेडिकल एजेन्सी, अयप्पा मन्दिर रोड, भारतीय नगर बिलासपुर 9993303951 (40444)

आवश्यकता है- मस्तूरी स्थित क्रेशर मे कार्य करने हेतु अकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे टैली जीएसटी, एवं,एक्सेल की जानकारी हो. वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें - 8226070511, 86515 02408 (40445)

Required - Job Vacancy Sales Consultant (Telecaller) Qualification- Graduate Experience- Minimum 6 Months to 1 Year Required. Salary 8000+ Incentive Place- Rajkishor Nagar, Bilaspur Contact- 8815446519 (40441)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल्स दुकान में काम करने के लिए दो युवको की आवश्यकता है वेतन 15000 तक योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- नटराज इलेक्ट्रीकल्स दुर्गा मन्दिर के पास नया सरकंडा बिलासपुर 9098195247 (40427)

आवश्यकता है- हेमू नगर बिलासपुर में स्वस्तिक कॉस्मेटिक एवं आभूषण दुकान में काम करने के लिए लड़कियों/महिलाओं की जरूरत है सम्पर्क करें- 72800 69441 (40431)

आवश्यकता है- अनुभवी सिविल इंजीनियर (B.E civil) 1पद की (जो साइट पर काम करा सके) अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सत्य साईं बिल्डर फर्स्ट फ्लोर राजीव प्लाजा बिलासपुर 94255 30627 (40422)

आवश्यकता है- सिविल सुपरवाइजर चाहिए। अनुभवी 10वर्ष पता- खुशी कंस्ट्रक्शन 9516801320 टिफिन सेन्टर में नाश्ता, खाना बनाने हेतु कारीगर, बर्तन धोने हेतु महिला, टिफिन सप्लाई हेतु लड़के पता- खुशी टिफिन सेन्टर 9516801320 (40426)

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (40419)

आवश्यकता है-कृष्णा फुट वेयर होल सेल दुकान में कार्य करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 9907925025, 79872 10064 (40379)

आवश्यकता है- FMCG डिस्ट्रीब्यूटर (lays, कुरकुरे और अन्य) में इंटर्नशिप हेतु ऑफिस, सेल्स, गोदाम कार्य हेतु पुरुष, महिला स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चोपड़ा बिल्डिंग FCI रोड तारबाहर, बिलासपुर 91119 70228 8959080574 (40405)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़कों की आवश्यकता हैं जिन्हें Tally एवं Busy Software में कार्य का अनुभव हो सम्पर्क करें- अनिश ऑटोमोबाइल्स, नटराज होटल के बगल में लिंक रोड, बिलासपुर 93995 12699 (40421)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं माल निकालने लड़के, लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- श्रीराम ट्रेडर्स, अजित होटल के पीछे, मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर 9425219248, 9039776336 (बायोडाटा व्हाट्सएप करें) (40428)

आवश्यकता है- खाना बनाने के लिए लड़की कुक की आवश्यकता है नाश्ता खाना सभी के लिए अनुभवी हो। रहने एवं खाने की सुविधा वेतन 8000 महीना वाने सम्पर्क करें- 9752595404 (40417)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर इंदौर देवास रीवा शहडोल मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट संपर्क - 6268044316, 9201024747 (351)

आवश्यकता है- खेती बाड़ी का कार्य करने हेतु फैमिली वाले कि आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनों मिलाकर तनख्वा- 13000 महीना सम्पर्क करें- 97542 93974 (40416)

आवश्यकता है-थोक दवाई एजेन्सी में माल निकालने, मिलाने, पैकिंग कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर, एकाउंटेंट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 98271 22105 (40398)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल्स दुकान में Marg साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर (लड़की) एवं साईट कार्य हेतु वाईरिंग, फिटिंग इलेक्ट्रीशियन लड़के चाहिए पता- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चन्द्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 78691 02080 (40399)

आवश्यकता है- सुरक्षागार्ड गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 93011 86703, 8253010291, 8085233213, 72230 26026 (40406)

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित कम्पनी में 18 चक्का ट्रक ट्रेलर ड्राइवर (ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य), हेल्पर, मेंटेनेन्स स्टाफ मुंशी, सुपरवाइजर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुभव, अनुसार, कार्य स्थान लोखंडी, जयरामनगर सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से शाम 5बजे तक, 7566194517 (40415)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर (female) की आवश्यकता है अनुभवी, अंग्रेजी जानकार को प्राथमिकता, सम्पर्क करें- शाम 5-7 बजे तक, ओम डायग्नोस्टिक सेन्टर, रेड क्रॉस मेडिकल के सामने, सिम्स रोड, बिलासपुर 9229466628, 8602000508 (40409)

आवश्यकता है- बलौदाबाजार शा. कार्यालय हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर 19, ड्राइवर 1, रायपुर हेतु सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 15, फील्ड अधिकारी 5, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 77470 00016, 7747000019 (001)

आवश्यकता है- एस.एस.पब्लिक स्कूल बैमा नगोई में बायोलॉजी, केमेस्ट्री, फिजिक्स, हिन्दी, संस्कृत, S.St पढाने हेतु सीनियर फैकल्टी एवं एक एकाउन्टेंट की आवश्यकता है, जिसे Tally का ज्ञान हो। सम्पर्क करें- 7697425610 (40411)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के लिए टेलीकॉलर और फील्ड स्टाफ कि आवश्यकता है I वेतन- 6000 से 10000 सम्पर्क करें- सलाह सर्विसेस, पुराना बस स्टैण्ड, बिलासपुर 6269020002, 62690 20001 (40414)

आवश्यकता है- घर के सभी काम, सफाई, घर की देखरेख हेतु एक ईमानदार मेहनती लड़का चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार पता- हंसा विहार कॉलोनी मैग्नेटो मॉल के पास श्रीकांत वर्मा मार्ग बिलासपुर 7974460190 (40408)

आवश्यकता है- 22 चक्का टिप ट्रेलर चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है वेतन 14000+ भत्ता हैवी ड्राइविंग लाइसेन्स और आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 8889655533, 7869069989 (40404)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य, टेलीकॉलिंग हेतु महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है उम्र 35 तक योग्यता 10वीं से ग्रेजुएशन सैलरी 5000 से 10000 सम्पर्क करें- मन्दिर चौक बिलासपुर 08982 373586 (40322)

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलूजा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (40430)

आवश्यकता है- रायपुर एवम भिलाई सहित केंद्र सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान हेतु सुरक्षा गार्डो की आवश्यकता है । न्यूनतम योग्यता 10 वी पास उचाई 5'6'' फिट उम्र 23-44 साल के बीच वेतन लगभग 20000/- मासिक सम्पर्क सी. डी.ओ. सिक्योरिटी मो. 7974912977 (247)

आवश्यकता है- रायपुर छ. ग. में टेलीकॉलर एवं ऑफिस कार्य हेतु 08 लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन - 12000-25000 तक योग्यता- स्नातक एवं कंप्यूटर की जानकारी होना अनिवार्य है। संपर्क करें- +91 83053 08100 (845)

आवश्यकता है-रायपुर, महासमुंद,रायगढ मे सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर फील्ड आफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114, 786923 0888 (6616)

आवश्यकता है- सेनेटरी एवं पेंट शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सिंग सेनेटरी एण्ड पेंट्स गुरुनानक चौक तोरवा बिलासपुर 99072 00008 (40410)

## बेचना है

भोपाल में प्रोपर्टी खरीदना है
भोपाल शहर की विकसित कॉलोनीयों में होशंगाबाद रोड, कोलार रोड, में जमीन, प्लाट एवं बंगले खरीदना है
वास्तविक विक्रेता सम्पर्क करें
9826092344

बेचना है- सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र मकान 2BHK, पूर्व मुखी, डबल रोड, आसमा सिटी एवं सर्वसुविधायुक्त 2BHK फ्लैट, सेकेण्ड फ्लोर होटल आनन्दा इंपिरियल के बगल, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर। सम्पर्क करें- 7999133429 (40429)

बेचना है- सकरी मेन रोड, जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास विकसित कॉलोनी में कमर्शियल शॉप्स। बेहतर रेन्टल इंकम। मुख्य सड़क से लगी पॉश कॉलोनी 3BHK प्रीमियम लग्जरी हाउस बेचना है सुविधाएं अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीसिटी, 24×7 CCTV, क्लब हाउस, गार्डन, मन्दिर सीमित यूनिट्स सम्पर्क- 7799957000, 8109412221 (40424)

## किराया

किराये से देना है- नारियल कोठी दयालबंद बिलासपुर में 9 कमरे का हॉस्टल 18 लोगों हेतु 2500/- प्रति स्टूडेंट साथ ही 5 लोगों के ग्रुप (स्टूडेंट या जॉब) वाले हेतु सेप्रेट 2 फुल फर्निश्ड कमरे मॉड्यूलर किचन अटैच वॉशरूम सहित 15000/- रु. में किराए से देना है। संपर्क करें - 9575843538, 76105 91966. (6623)

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी बामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

किराया-बाबूजी एम्पायर, अशोक नगर चौक, सीपत रोड बिलासपुर में 10000 वर्गफिट काम्प्लेक्स में शॉपिंग मॉल, कोचिंग, ऑफिस एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9827198371, 99071 03707 (40321)

## फायनेंस

फायनेंस- प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल कृषि महिला समूह मकान दुकान लघु उद्योग, पर्सनल लोन आधार कार्ड पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज 30% छूट संपर्कः- 7489545029 (1366)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# ट्रेनिंग में लौटे चेन्नई सुपर किंग्स के दो धाकड़ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में आगाज अच्छा नहीं रहा था। टीम को राजस्थान रॉयल्स के सामने करारी हार मिली थी। अब दूसरे मुकाबले में चेन्नई का सामना पंजाब किंग्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए अच्छी खबर है। उसके दो अहम खिलाड़ी ट्रेनिंग में नज़र आए।

ये दोनों चोटों की वजह से राजस्थान के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे। ये हैं महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस। हालांकि दोनों के खेलने पर अभी तस्वीर साफ नहीं हुई लेकिन ट्रेनिंग में आने से बूस्ट मिला है। धोनी के बारे में चेन्नई ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए बाहर हुए हैं। वह अभी काफ स्ट्रेन से जूझ रहे हैं। वहीं ब्रेविस को साइड स्ट्रेन के चलते पहले मुकाबले से बाहर रहना पड़ा था। उनकी वापसी पर कोई अपडेट नहीं आई थी। इस बीच यह साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम फिजियो के साथ प्रैक्टिस करता दिखा। उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान वे किसी मुश्किल में नहीं दिखे।ोनी ने 1 अप्रैल को भी सीएसके की प्रैक्टिस में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया था। 2 अप्रैल को उन्होंने पेसर्स और थ्रोडाउन भी खेले। इस दौरान कुछ शॉट्स पर तो गेंद स्टैंड्स में जाकर गिरी। धोनी के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने हंसते हुए कहा कि उनके बारे में 13वीं दिन अपडेट दी जाएगी क्योंकि वे दो सप्ताह के लिए पहले ही बाहर हो चुके हैं।

# अभिषेक ने जताई असहमति, लगा 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



सनराइजर्स हैदराबाद के उप कप्तान अभिषेक शर्मा पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। अभिषेक ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल एक के उल्लंघन का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की दी सजा को मान लिया।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन बनाकर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 65 रन से जीता, जो उसकी मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत भी है। अभिषेक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए लेकिन टीवी अंपायर नितिन मेनन के फैसले पर असहमति जताने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया।

वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डाइव लगाकर अभिषेक का कैच लिया, लेकिन इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं था कि कैच साफ तरीके से लिया गया था। लेकिन मेनन ने कैच को वैध करार दिया, जिस पर अभिषेक ने अपनी असहमति जताई थी।

## खबर संक्षेप



### मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। रहाणे ने कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है।

### भविष्य का खिलाड़ी गजांफर, करेगा बेहतर प्रदर्शन : जयवर्धने



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजांफर का बचाव करते हुए उन्हें टीम का 'एक्स फैक्टर' बताया। बीस वर्ष के गजांफर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में 51 रन दिए थे। जयवर्धने ने कहा,' वह भविष्य का खिलाड़ी है। उसका कद इतना अच्छा है कि वह कमाल कर सकता है। वह बेहतर प्रदर्शन करेगा।' जयवर्धने ने कहा, 'इसके लिए उसे अनुभव की जरूरत है। उसे श्रीलंका के खिलाफ खेलना था लेकिन टूर्नामेंट रद्द हो गया। मैं चिंतित नहीं हूं। उसने अच्छी गेंदबाजी की। पूरे मैच में चार पांच खराब गेंदों का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा।' उन्होंने आगे कहा,' इस तरह का एक्स फैक्टर गेंदबाज टीम में है। उनके अलावा मिचेल सेंटनेर, विल जैक्स और मयंक मार्कडेय भी टीम में है, जिससे अलग अलग हालात में अलग संयोजन आजमा सकते हैं।

## आईपीएल: राजस्थान और गुजरात के बीच मुकाबला आज

# 'वंडर ब्वाय' वैभव के सामने गुजरात के तेज गेंदबाजों की असली चुनौती

**गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत**

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है, जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था।



**टीमें इस प्रकार**

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

मैच का समय : शाम 7:30 बजे

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, पृथ्वी राज यारा, टॉम बैंटन।

## मुंबई बनाम दिल्ली, टॉप ऑर्डर पर नजर, मैच दोपहर 3:30 बजे से



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा ने 78 रन की तूफानी पारी खेलकर पुराने दिनों की याद दिला दी और टी20 क्रिकेट में शानदार वापसी की। उनके साथी सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने भी 81 रन की आक्रामक पारी खेलकर अच्छा सहयोग दिया।

## शतरंज

# 11 साल की बोधना बनीं इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी...



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी।

### हैरो की स्कूली छात्रा की बड़ी उपलब्धि

विज्ञप्ति के अनुसार, ' यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने (2020 के कोविड19) लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे।' भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिवानंदन को बधाई दी और उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने सरकारी आवास पर उनके साथ एक मैच खेला था। सुनक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'केवल 11 साल की उम्र में इंग्लैंड की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी बनने पर बोधना शिवानंदन को बहुत-बहुत बधाई। हम एक बार डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक-दूसरे के खिलाफ खेले थे। उनकी सफलता कोई हैरानी की बात नहीं है।'

# पंजाब किंग्स ने 3.2 ओवर में पूरे किए 50 रन, आर्या ने 350 स्ट्राइक रेट से ठोके रन

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के आतिशी ओपनर प्रियांश आर्या ने तूफानी शुरुआत टीम को दिलाई। उन्होंने 11 गेंद पर 39 रन ठोक दिए। उनकी इस पारी में 3 चौके और चार छक्के शामिल थे।

पंजाब के धाकड़ ओपनर ने 354.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। टीम ने 3.2 ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए थे। आईपीएल में सीएसके के खिलाफ यह किसी भी टीम का सबसे तेज पचासा है। चेपक के मैदान की बात करें तो पंजाब किंग्स ने आरसीबी की बराबरी कर ली है। इससे पहले 2011 में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालिफायर में 3.2 ओवर में 50 रन बनाए थे। कप्तान श्रेयस अय्यर के शानदार और संतुलित अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। श्रेयस ने 29 गेंद में 50 रन बनाए और निहाल वढेरा के साथ चौथे विकेट के लिए 59 रन की अहम साझेदारी की। पंजाब ने 210 रन का लक्ष्य आठ गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर हासिल करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार थी। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने विशाल लक्ष्य के बावजूद संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत दी। प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंद में 43 और कूपर कोनोली ने 22 गेंद में 36 रन बनाए। आर्य ने चेन्नई के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। आर्य और प्रभसिमरन ने सिर्फ 4.2 ओवर में 61 रन की साझेदारी की।



पंजाब किंग्स ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया अय्यर ने जड़ा अर्धशतक

### 19 साल से कम उम्र में सबसे बड़े आईपीएल स्कोर

- 101 रनः वैभव सूर्यवंशी बनाम गुजरात टाइटंस, जयपुर 2025 (14 वर्ष 32 दिन)
- 94 रनः आयुष म्हात्रे बनाम आरसीबी, बेंगलुरु 2025 (17 वर्ष 291 दिन)
- 73 रनः आयुष म्हात्रे बनाम पंजाब किंग्स, चेन्नई 2026 (18 वर्ष 261 दिन)

### आयुष ने तोड़ा रैना का रिकॉर्ड

आयुष म्हात्रे ने पंजाब किंग्स के खिलाफ कमाल का पारी खेली और शतक के करीब आकर आउट हो गए। आयुष ने इस मैच में 29 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और उन्होंने अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया। आयुष ने इस मैच में 43 गेंदों पर 5 छक्के और 6 चौकों की मदद से 73 रन की पारी खेली और उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 169.77 का रहा। ये इस सीजन में उनका पहला अर्धशतक रहा जबकि आईपीएल करियर का दूसरा अर्धशतक रहा। वो चेपक में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से सबसे कम उम्र में 50 प्लस की पारी खेलने वाले बैटर बने और सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आयुष म्हात्रे ने चेपक में सीएसके के लिए 50 प्लस की पारी 18 साल 261 दिन की उम्र में खेली जबकि सुरेश रैना ने ऐसा 21 साल 148 दिन की उम्र में किया था।

## महिला चैंपियंस लीग : बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड पर दागे 6 गोल आठवीं बार सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार की चैंपियन टीम बार्सिलोना की तरफ से दूसरे चरण में कैरोलिन ग्राहम हैनसेन ने दो गोल जबकि एलेक्सिया पुटेलस, इरेन पारेडेस, ईवा पजोर और एस्मी ब्रुग्ट्स ने एक-एक गोल किया। बार्सिलोना सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना करेगा। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में ओलंपिक लियोनेस ने को वोल्फ्सबर्ग को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला मौजूदा चैंपियन आर्सेनल से होगा। वोल्फ्सबर्ग पहले चरण के बाद 1-0 से आगे था। इस तरह से लियोनेस ने कुल 4-1 से जीत दर्ज की।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारत के तीन पदक पक्के, निकहत प्रिया और प्रीति खेलेंगी सेमीफाइनल

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर

निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने अपने मुकाबले जीतकर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जिससे भारत के लिए कम से कम तीन पदक पक्के हो गए।

निकहत ने महिलाओं के 51 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पूरी तरह दबदबा बनाते हुए फिलीपींस की जियान बागुहिन पर पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से शानदार जीत हासिल की। अब सेमीफाइनल में निकहत का सामना चीन की वू यू से होगा, जिन्होंने 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।



### प्रिया ने चेंगयु यांग को 4-1 से हराया

महिलाओं के 60 किग्रा वर्ग में प्रिया ने संयम और समझदारी दिखाते हुए चीन की चेंगयु यांग को 4-1 से हराया। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए प्रिया का मुकाबला मंगोलिया की नामुन मोनखोर से होगा। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में प्रीति ने पांचवें दिन शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति ने मंगोलिया की मुंगुन त्सेत्सेग को सर्वसम्मत फैसले से 5-0 से हराया, जिससे अब सेमीफाइनल में उनका सामना इम एजी से होगा। पुरुषों के 70 किग्रा वर्ग में दीपक क्वार्टर फाइनल में जोर्डन के जेयाद ईशाश से 1-4 से हारकर बाहर हो गए।

## येल्लामाराजू की अंडर 69 स्कोर से शुरुआत

**सैन एंटोनियो।** भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येल्लामाराजू ने वैलेरो टेक्सास ओपन में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद मार्क हबर्ड शीर्ष पर काबिज थे। उन्होंने सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। हबर्ड ने चौथे होल में बोगी की लेकिन इसके बाद उन्होंने आठ बर्डी लगाकर दिन का अच्छा समापन किया। येल्लामाराजू ने 10वें, 11वें और 12वें होल में लगातार तीन बर्डी लगाकर शुरुआत की, लेकिन 15वें और 18वें होल पर वह बोगी कर बैठे। उन्होंने 17वें होल में एक और बर्डी हासिल की। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले 9 होल की शुरुआत दो बर्डी से की, लेकिन पांचवें और सातवें होल पर शॉट गंवा दिए। उन्होंने नौवें होल पर बर्डी के साथ पहले दौर का समापन किया।

## पीएसबी ने की खेल बजट में बढ़ोतरी की मांग

**कराची।** पीएसबी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए उनका सालाना बजट 1.2 अरब रुपए से बढ़ाकर 4.9 अरब रुपए कर दिया जाए। इस हफ्ते इस्लामाबाद में पीएसबी की 36वीं सालाना बैठक में सालाना बजट बढ़ाने के संबंध में फैसला लिया गया। पड़ोसी देश भारत और एशिया के दूसरे देशों की तुलना में पाकिस्तान का खेल बजट सबसे कम माना जाता है, जिसने 1984 के बाद से ओलंपिक खेलों में सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता है।

न्यायालय तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम डुमरडीह को सुचित किया जाता है कि आवेदक छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर द्वारा ग्राम डूमरडीह, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा छ.ग. स्थित वक्फ संपत्ति भूमि खसरा नंबर 763 रकबा 0.567 हे. भूमि वक्फ अधिनियम 1995 यथा संसोधित 2013 की धारा 05 के अनुसार वक्फ संपत्तियों का सचिव छ.ग. शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग पदेन सर्वेक्षण आयुक्त वक्फ द्वारा विधिवत सर्वे सूची जो कि सर्वेक्षण आयुक्त एवं कलेक्टर पदेन अपर सर्वेक्षण आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित है का प्रकाशन शासकीय राजपत्र में किया जा चुका है तथा बोर्ड द्वारा औकाफ की पंजीयों में विधिवत इन्द्राज किया जा चुका है। उपरोक्त वक्फ सम्पत्तियों को राजस्व अभिलेखों में नामांतरण किये जाने बावत् आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 15/4/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
धौरपुर
जिला सरगुजा (छ.ग.)

IISER BERHAMPUR | भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान बरहमपुर
INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE EDUCATION AND RESEARCH BERHAMPUR
Established by the Ministry of Education, Govt. of India

**Advertisement for PhD Admission- Sem-I AY 2026-27**

Indian Institute of Science Education and Research (IISER) Berhampur, established in 2016 by the Ministry of Education, GoI under the provisions of NITSER Act, 2007.

The Institute aims to identify suitable candidates with a keen interest in research. Online applications are invited from highly motivated and research-oriented candidates for admission to **Ph.D. programmes** for the semester commencing in August 2026.

**Disciplines: Biological Sciences, Chemical Sciences, Computer Science, Earth and Environmental Sciences, Mathematical Sciences, and Physical Sciences.**

For details, please visit: **https://iiserbpr.ac.in/admissions-phd**

**Dean, Academic Affairs**

**Last Date for Receipt of Online Applications: 07 April 2026**

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
प्रथम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र. 11/न.पा.नि./अमृत/2026-27 दिनांक 02/04/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''बी'' व प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 188381 | अमृत 2.0 योजना अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान निर्माण कार्य (05 वर्षों के संचालन एवं संधारण सहित) | 302.55 | 27 / 04 / 2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पार्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.




# यहां मात्र 2 रुपए लीटर मिल रहा है पेट्रोल, पचास रुपए में टंकी हो जाएगी फुल

**त्रिपोली।** जहां यूएस-ईरान वॉर की वजह से दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत देखने को मिल रही है, वहीं एक ऐसा देश है, जिसपर इस वॉर का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। इस देश में आज भी पेट्रोल मात्र दो रुपए चौदह पैसे प्रति लीटर बिक रहा है। 2 अप्रैल को यहां पेट्रोल मात्र दो रुपए चौदह पैसे प्रति लीटर बिका। यानी मात्र पचास रुपए में आपकी कार की टंकी फुल हो जाती है। यह देश है उत्तरी अफ्रीका का लीबिया। लीबिया दुनिया के सबसे सस्ते पेट्रोल वाले देशों में पहले स्थान पर है।

**युद्ध का भी नहीं पड़ा कोई असर**

### नहीं बढ़े पेट्रोल के कीमत

वर्तमान में यहां पेट्रोल की कीमत लगभग 0.15 लीबियन दीनार प्रति लीटर है, जो अमेरिकी डॉलर में करीब 0.023 डॉलर यानी लगभग 2 रुपए प्रति लीटर बैठती है। यह कीमत सालों से लगभग स्थिर है। भले ही वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हों, लीबिया में आम नागरिक को इसका कोई बोझ नहीं झेलना पड़ रहा। इसकी मुख्य वजह है लीबिया के विशाल तेल भंडार। ये देश दुनिया के प्रमुख तेल उत्पादक देशों में शामिल है। यहां तेल उत्पादन बहुत ज्यादा है और सरकार भारी सब्सिडी देती है ताकि आम लोगों को सस्ता ईंधन मिल सके। लीबिया में पेट्रोल की कीमत इतनी कम रखी गई है कि यह नागरिकों के लिए राहत का बड़ा साधन बन गया है।



### कई मुश्किलें झेल चुका है देश

लीबिया की राजनीतिक स्थिति काफी जटिल रही है। 2011 के बाद से यहां गृहयुद्ध, अस्थिरता और विभाजन देखा गया। फिर भी सरकार ने ईंधन सब्सिडी की नीति को नहीं बदला। इसे 'नो पीस नो वॉर' स्ट्रैटजी कहा जाता है। मतलब ना पूर्ण शांति है और ना पूर्ण युद्ध, लेकिन जनता को बुनियादी सुविधाएं जैसे सस्ता पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है। इस नीति से सरकार जनसमर्थन बनाए रखने की कोशिश करती है। वैश्विक स्तर पर जब ईरान, वेनेजुएला जैसे देशों में भी ईंधन सस्ता है, तब लीबिया अभी भी सबसे सस्ता पेट्रोल उपलब्ध कराने में आगे है। ईरान में पेट्रोल करीब 2.5-3 रुपए लीटर है, जबकि वेनेजुएला में भी बहुत कम, लेकिन लीबिया टॉप पर है।

### क्यों नहीं पड़ रहा युद्ध का असर?

लीबिया खुद तेल निर्यातक देश है। यहां का तेल उत्पादन घरेलू जरूरतों से ज्यादा है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर घरेलू बाजार पर नहीं पड़ता। सरकार सब्सिडी के जरिए कीमतों को नियंत्रित रखती है। भले ही निर्यात पर असर पड़े, लेकिन आंतरिक खपत के लिए सस्ता ईंधन जारी रहता है। एक सामान्य कार की 50 लीटर टंकी को फुल करने में यहां सिर्फ 100-110 रुपए लगते हैं। भारत में जहां एक लीटर पेट्रोल 90-100 रुपए का है, वहीं लीबिया में इतना सस्ता मिलना भारतीयों के लिए सपने जैसा लगता है।

# ये हैं दुनिया के 10 सबसे कम खुशहाल देश, अफगानिस्तान सबसे टॉप पर

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 सामने आ गई है। इसमें उन देशों की लिस्ट दी गई है, जहां लोग सबसे ज्यादा परेशान और दुखी हैं। अफगानिस्तान से लेकर मिस्र तक, इन देशों में कंगाली और बदहाली ने खुशियां छीन ली हैं।

### अफगानिस्तान (1.446)

अफगानिस्तान लगातार दुनिया का सबसे नाखुश देश बना हुआ है। सालों से चल रहे मानवीय संकट और तालिबान के शासन के बाद यहां के लोगों की जिंदगी नरक जैसी हो गई है। बुनियादी आजादी की कमी और भयंकर आर्थिक तंगी ने लोगों के मन में गहरी निराशा भर दी है।

### सिएरा लियोन (3.251)

स्थिरता की कोशिशों के बावजूद यह देश लिस्ट में बहुत नीचे है। यहां गरीबी की दर बहुत ज्यादा है और स्वास्थ्य सुविधाओं का नामो-निशान नहीं है। पुरानी लड़ाइयों के जख्म आज भी यहां के लोगों की खुशियों में रुकावट बने हुए हैं।

### मलावी (3.284)

इस देश की सबसे बड़ी समस्या इसकी कमजोर अर्थव्यवस्था है। यहां के लोग खेती पर निर्भर हैं और मौसम की बेरुखी की वजह से अक्सर यहां खाने के लाले पड़ जाते हैं। महंगाई इतनी ज्यादा है कि आम आदमी का पूरा दिन बस पेट भरने की चिंता में ही निकल जाता है।

### जिम्बाब्वे (3.346)

महंगाई और राजनीतिक उठापटक ने इस देश को खोखला कर दिया है। हालांकि, यहां बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन मौजूद हैं, लेकिन भ्रष्टाचार की वजह से उसका फायदा आम जनता तक नहीं पहुंच पाता, जिससे लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।



### बोत्सवाना (3.464)

यह एक मध्यम आय वाला देश है, फिर भी यहां लोग दुखी हैं। जानकारों का कहना है कि यहां अमीर और गरीब के बीच की खाई बहुत बड़ी है। इसके साथ ही एचआईवी जैसी बीमारियों का बोझ और सामाजिक सहयोग की कमी लोगों को परेशान रखती है।

### एस्वातिनी (3.909)

खराब सेहत और राजनीतिक अशांति की वजह से यह देश टॉप 10 दुखी देशों में शामिल हो गया है। यहां गरीबी और पाबंदियों ने लोगों का दम घोंट रखा है, जिससे जीवन के प्रति उनका नजरिया बहुत नकारात्मक हो गया है।

### लेबनान (3.723)

कभी खुशहाल दिखने वाला लेबनान आज आर्थिक मलबे के नीचे दबा है। यहां का बैंकिंग सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है, जिससे मिडिल क्लास की सारी जमा-पूंजी खत्म हो गई। बुनियादी सुविधाओं के छिन जाने से देश में हर तरफ मायूसी का माहौल है।

### कांगो (3.761)

कांगो में चल रही आपसी लड़ाई और खनिजों की लूट ने यहां के लोगों की शांति छीन ली है। जान बचाने के लिए लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है, और भ्रष्टाचार की वजह से देश के संसाधनों का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा।

### मिस्र (3.862)

मिस्र में बढ़ती महंगाई और नागरिक अधिकारों पर पाबंदी ने लोगों को दुखी कर रखा है। सरकार बड़ी-बड़ी इमारतों पर पैसा खर्च कर रही है, लेकिन आम जनता आज भी खाने की सुरक्षा और पैसों की तंगी को लेकर भारी तनाव में जी रही है।


### तंजानिया (3.902)

इस लिस्ट में आखिरी नंबर तंजानिया का है। यहां के लोगों को लगता है कि उन्हें अपनी मर्जी से जीने की आजादी नहीं है। बढ़ते शहरीकरण और खराब ढांचे की वजह से लोगों का एक-दूसरे पर से भरोसा कम होता जा रहा है, जो उनकी नाखुशी का बड़ा कारण है।

**मुझे गर्व है कि मैं स्पेस प्लंबर हूं...**

# चांद के रास्ते में क्रिस्टीना ने खुद ठीक किया टॉयलेट, जीत लिया सबका दिल

**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष की सैर सुनने में जितनी ग्लैमरस लगती है, असलियत में वहां खतरा भी उतना ही होता है। ऐसे खतरों से निपटने के लिए कई बार एस्ट्रोनॉट्स को कुछ ऐसा करना पड़ता है, जिसकी कल्पना शायद धरती पर कोई नहीं कर रहा होता है। ऐसा ही कुछ नासा के आर्टेमिस-2 मिशन पर गईं दुनिया की पहली महिला मून एस्ट्रोनॉट क्रिस्टीना कोच ने कर दिखाया है। उन्होंने अंतरिक्ष में उड़ते हुए अपने स्पेसक्राफ्ट का टॉयलेट खराब होने पर उसे खुद ठीक किया और अब दुनिया उन्हें प्यार से 'स्पेस प्लंबर' बुला रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए खुद क्रिस्टीना ने भी बड़े गर्व से कहा है कि उन्हें इस खिताब से कोई परहेज नहीं है।



### आधी रात को जब मिस्त्री बनीं क्रिस्टीना

दरअसल, आर्टेमिस-2 मिशन लॉन्च के कुछ ही घंटों बाद ओरियन स्पेसक्राफ्ट के टॉयलेट में खराबी आ गई थी। ओरियन कैप्सूल का लूनर लू (टॉयलेट) जवाब दे गया था। जीरो गुरुत्वाकर्षण में टॉयलेट खराब होना किसी बुरे सपने से कम नहीं होता है, क्योंकि वहां गंदगी नीचे नहीं गिरती, बल्कि हवा में तैरने लगती है। इस मुश्किल वक्त में क्रिस्टीना कोच ने आगे बढ़कर काम संभाला। उन्होंने सिस्टम को जांचा, ग्राउंड टीम से बात की और धीरे-धीरे समस्या को ठीक किया। काफी कोशिश के बाद टॉयलेट सिस्टम फिर से काम करने लगा। यह राहत की बात थी, क्योंकि लंबी यात्रा में यह सुविधा बेहद जरूरी होती है।

### मजाक में कही बड़ी बात

इसके बाद जब इस पूरे मामले पर बात हुई, तो कोच ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'मैं तो अब खुद को स्पेस प्लंबर मानती हूं.' उनकी यह बात सुनकर लोग हंस जरूर पड़े, लेकिन इस एक लाइन में उन्होंने अंतरिक्ष मिशन की असली तस्वीर साफ कर दी। उन्होंने बता दिया कि अंतरिक्ष में कोई भी काम छोटा नहीं होता। टॉयलेट जैसी आम सुविधा भी वहां एक अहम सिस्टम बन जाती है।

### टीमवर्क ही असली ताकत


इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि अंतरिक्ष मिशन अकेले किसी एक इंसान का काम नहीं होता। एक तरफ स्पेसक्राफ्ट में मौजूद एस्ट्रोनॉट्स होते हैं, तो दूसरी तरफ धरती पर बैठे वैज्ञानिक होते हैं, जो हर पल उनकी मदद करते रहते हैं। दोनों के सही तालमेल से ही ऐसी मुश्किलें आसानी से हल हो पाती हैं।

### ट्रेनिंग का दिखा कमाल

नासा ने बताया कि क्रिस्टीना जैसी मिशन स्पेशलिस्ट को हर तरह की 'क्रॉस-ट्रेनिंग' दी जाती है। उन्हें वैज्ञानिक प्रयोगों के साथ-साथ जहाज की मरम्मत, बिजली के काम और प्लंबिंग की भी ट्रेनिंग मिलती है। मुश्किल समय में वे किसी भी भूमिका में ढल सकती हैं. क्रिस्टीना के इस काम ने दुनिया को दिखाया कि चांद पर पहुंचने के पीछे कितनी कड़ी मेहनत और छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखना पड़ता है।

# हैंडसम दिखने के लिए चेहरे पर हथौड़ा मार रहे युवा

**न्यूयार्क।** सोशल मीडिया की दुनिया में वायरल होने की होड़ और परफेक्ट लुक पाने की चाहत अब पागलपन की हदें पार कर रही है। इन दिनों इंस्टाग्राम, टिकटॉक और किक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर 'बोन स्मैशिंग' नाम का एक जानलेवा ट्रेंड वायरल हो रहा है। आप यकीन नहीं करेंगे, इस ट्रेंड में युवा अपने चेहरे के फीचर्स यानी जॉ-लाइन को शार्प बनाने के लिए हथौड़े से खुद के चेहरे पर वार कर रहे हैं। इस खौफनाक ट्रेंड की शुरुआत एक ऑनलाइन कम्युनिटी से हुई है, जहां लोग अपने फिजिकल अट्रैक्शन को बढ़ाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इसे 20 वर्षीय अमेरिकी इन्फ्लुएंसर ब्रैडेन पीटर्स उर्फ क्लैविकुलर ने लोकप्रिय बनाया है। इन युवाओं का मानना है कि चेहरे की हड्डियों को हथौड़ से पीटने से उनमें माइक्रो फ्रैक्चर होगा। वहीं, जब ये हड्डियां दोबारा जुड़ेंगी तो ज्यादा चौड़ी और मजबूत हो जाएंगी। इसके पीछे ये युवा 19वीं सदी के वुल्फ्स लॉ का गलत तर्क देते हैं।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com